


आज की खबर आज ही

जनाकांक्षाओं का सजग प्रहरी

# चेतना मंच



पेज 7 द आर्चीज नहीं है सुहाना की...

वर्ष : 25 | अंक : 344 | website:www.chetnamanch.com | नोएडा, रविवार, 10 दिसंबर, 2023 | Chetna Manch | Chetna Manch | मूल्य 2.00 रुपया | पेज: 8

### बरेली में दर्दनाक सड़क हादसा: डंपर और कार में भिड़त, लगी भीषण आग

# जिंदा जल गये 8 बराती

## आग बुझी तो राख हो गए थे शरीर, टुकड़ों में निकाले शव

**बरेली( एजेंसी )।** बरेली जनपद के भोजीपुरा थाना क्षेत्र के दभौरा खंजनपुर के पास शनिवार देर रात आर्टिगा कार और डंपर में आग लगने से 8 लोग जिंदा जल गए। बताया जा रहा है कि आर्टिगा कार सवार किसी शादी समारोह में शामिल होकर अपने घर वापस लौट रहे थे कि इसी दौरान कार में पेंचर हो गया और कार एक डंपर से जा टकराई। कार के डंपर से टकराने से कार में आग लग गई, जिससे बच्चे सहित 8 लोगों की मौत हो गई। सूचना प्राप्त होने पर बरेली एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान सहित तमाम आलाधिकारी मौके पर पहुंच गए।

कार सवार लोग बरेली शहर में आयोजित शादी समारोह में शामिल होकर बहेड़ी लौट रहे थे। फायर ब्रिगेड ने आग बुझाकर कार से शवों को बाहर निकाला। उधर, हादसे की खबर मिलते ही शादी का जश्न गम में बदल गया। मृतकों के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है।

बरेली के भोजीपुरा में नैनीताल हाईवे पर डंपर से टकराने के बाद कार में आग लगी तो उसका सेंट्रल लॉक भी फंस गया। डंपर में फंसी कार धू-धू कर जलती रही। किसी को बाहर निकलने का मौका तक नहीं मिला। कार के अंदर लोग जिंदगी के लिए छटपटाते रहे। लपटें शांत हुईं तो आठ जिंदगियां राख के ढेर में तब्दील हो चुकी थीं। कार की रफ्तार का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि वह करीब पांच फुट ऊंचे डिवाइडर पर चढ़कर दूसरी ओर विपरीत दिशा से आ रहे डंपर में जा घुसी। डंपर भी लगभग इतनी ही तेज रफ्तार में था। वह कार को खींचकर 25 मीटर आगे तक ले गया। इस दौरान कार में आग लगी और वह डंपर में फंसकर रह गई। प्राथमिक जांच में पता लगा है कि घटना के दौरान कार में लगा सेंट्रल लॉक नहीं खुला। इससे कार सवार अंदर ही फंसकर रह गए। अधिकतर लोग गर्म कपड़े पहने हुए थे। इस वजह से लपटों ने उनको बुरी तरह चपेट में ले लिया और उनकी चीखें भी अंदर ही घुटकर रह गईं। दमकल पानी की बौछार करती रही। रात एक बजे उनके शवों को निकाला जा सका। अधिकतर शव राख में तब्दील हो चुके थे। उनमें से कुछ को टुकड़ों में निकालना पड़ा।

रात में जिस वक्त घटना हुई, तब तक घटनास्थल से 200 मीटर दूर दभौरा गांव के ग्रामीण सो चुके थे। ठंड के मौसम में इस घटना के बारे में उन्हें काफी देर तक जानकारी ही नहीं हो सकी।

लोगों का मानना है कि ग्रामीण समय पर जागे होते तो हादसे की भयावहता कम हो सकती थी और कुछ लोगों को बचाया जा सकता था। कार से ऊंची लपटें उठती देखकर दूसरे वाहनों के चालकों ने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद पुलिस और दमकल मदद के लिए पहुंच सकीं पर तब तक देर हो चुकी थी।



### शवों की पहचान मुश्किल

घटना स्थल पर पहुंचे बरेली के एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने कहा कि जले हुए शवों की पहचान करने में समय लग सकता है। जिस रेंटर की दुकान से कथित तौर पर कार उधार ली गई थी, उसके मालिक सुमित गुप्ता ने पुष्टि की कि ग्राहक आसिफ ने शादी के लिए गाड़ी ली थी। आसिफ के ड्राइवर और भतीजे फुरकान को कार सौंपी गई थी।

बरेली के एसएसपी घुले सुशील चंद्रभान ने कहा कि पीड़ितों की पहचान सुनिश्चित करना काफी मुश्किल है क्योंकि सभी शव पूरी तरह से जल गए हैं। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद ही चीजें पता चल पाएंगी।

सीओ चमन सिंह चावड़ा ने बताया कि कार मालिक सुमित से पूछताछ की जा रही है और शक है कि वाहन बिना उचित टैक्सी पंजीकरण के चल रहा था। उन्होंने कहा कि आग लगने के सटीक कारण और इस भयानक घटना के लिए जिम्मेदार किसी संभावित लापरवाही का पता लगाने के लिए जांच जारी है।

### गोगामेड़ी हत्याकांड : मनाली-मंडी में की सैर, फिर चंडीगढ़ को बनाया ठिकाना

## रोहित राठौड़ और नितिन फौजी समेत तीन आरोपी पकड़े, चंडीगढ़ से लाए गए दिल्ली

**नई दिल्ली( एजेंसी )।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने राजस्थान पुलिस के साथ संयुक्त ऑपरेशन में सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के मुख्य आरोपी रोहित राठौड़ और नितिन फौजी समेत तीन आरोपियों को चंडीगढ़ से पकड़ा गया है। देर रात तीनों को दिल्ली लाया गया। पुलिस तीनों को लेकर सीधे अपराध शाखा के दफ्तर पहुंची।



दिल्ली के स्पेशल सीपी (क्राइम) रवींद्र यादव ने कहा कि राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी की पांच दिसंबर को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी, जिसके सिलसिले में क्राइम ब्रांच ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। हम लगातार उन्हें ट्रैक कर रहे थे, हमने उन्हें चंडीगढ़ से गिरफ्तार किया। अभी, उन्हें राजस्थान पुलिस को सौंपा जा रहा है।

उधर, चंडीगढ़ के सेक्टर 11 के एसएचओ मलकीत सिंह ने कहा कि हमें जानकारी मिली है कि दिल्ली पुलिस (अपराध शाखा) ने यहां से कुछ लोगों को गिरफ्तार किया है। हम सभी विवरणों की पुष्टि कर रहे हैं।

इससे पहले, राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना के अध्यक्ष सुखदेव सिंह गोगामेड़ी हत्याकांड के मामले में हरियाणा से कल पहली गिरफ्तारी हुई थी। महेंद्रगढ़ जिले के सतनाली के सुरेती पिलानिया गांव के एक युवक को राजस्थान पुलिस ने गिरफ्तार किया था। बताया जा रहा है कि सुरेती पिलानिया के रामवीर ने ही नितिन फौजी के लिए जयपुर में सारी व्यवस्था की थी। नितिन फौजी व रामवीर दोनों दोस्त हैं और वह पहले भी नितिन फौजी की मदद कर चुका है।

राजस्थान पुलिस उसे शनिवार सुबह सुरेती पिलानिया से गिरफ्तार कर अपने साथ ले गई। आरोप के मुताबिक 5 दिसंबर को नितिन फौजी व रोहित राठौड़ ने गोगामेड़ी की हत्या की थी।

आरोप है कि इस घटना को अंजाम देने के बाद भी दोनों आरोपियों को रामवीर ने ही अपनी बाइक पर बैठाकर बगरू टोल प्लाजा से आगे तक छोड़ा था। इसके बाद दोनों आरोपी नागौर डिपो की रोडवेज बस में बैठकर भागने में कामयाब हो गए थे।

रामवीर और नितिन फौजी महेंद्रगढ़ के एक निजी स्कूल में 12वीं तक साथ पढ़े थे। वहीं नितिन फौजी 12वीं पास करने के बाद वर्ष 2019-20 में सेना में भर्ती हो गया। रामवीर जयपुर में आगे की पढ़ाई करने चला गया। इसी वर्ष अप्रैल में एमएससी के पेपर जयपुर में देकर वह गांव आया था।

सतनाली खंड के ही डालनवास गांव में अमित नाम के युवक से भी पुलिस ने नितिन फौजी के बारे में पूछताछ की है। हालांकि राजस्थान पुलिस अमित से पूछताछ कर साथ नहीं ले गई।

## जेवर-खुर्जा रोड पर नहीं होंगे हादसे

### नोएडा पुलिस करने जा रही बड़ा काम

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** ग्रेटर नोएडा में जेवर-खुर्जा रोड पर होने वाले सड़क हादसों की रोकथाम के लिए नोएडा पुलिस एक बड़ा काम करने जा रही है। यदि नोएडा पुलिस की यह योजना कामयाब हो जाती है तो जेवर-खुर्जा रोड पर होने वाले सड़क हादसों में काफी हद तक कमी आने की संभावना जताई जा रही है।



दरअसल, आपको बता दें कि जेवर-खुर्जा रोड पर होने वाले सड़क हादसों में कमी लाने के लिए नोएडा की ट्रैफिक पुलिस ने यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण को एक लेटर लिखा है। इस लेटर के जरिए नोएडा की ट्रैफिक पुलिस ने प्रस्ताव रखा है कि सड़क पर अतिक्रमण हटाने, सड़क सुरक्षा के उपाय सहित ब्लैक स्टॉप चिह्नित किए जाएं। रोड पर बने ब्रेकर पर पेंट कराया जाए। मुख्य मार्ग समेत कुछ स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगवाने का भी प्रस्ताव दिया है।

ट्रैफिक पुलिस जेवर-खुर्जा रोड पर ब्लैक स्पॉट चिन्हित होने के बाद वहां आसपास जागरुकता अभियान चलाएगी। पत्र में अवैध अतिक्रमण को हादसों का बड़ा कारण माना गया है। जेवर-टप्पल और जेवर खुर्जा रोड हादसों में एक सप्ताह में पांच लोगों की मौत हो चुकी है। जबकि कई लोग गंभीर रूप से घायल हुए। शुक्रवार को भी भीषण हादसे में तीन लोगों की जान चली गई।

पत्र में इन सब का जिक्र करते हुए ट्रैफिक पुलिस ने कहा है कि सभी विभाग अपने-अपने स्तर से सर्वे कराएं और यातायात पुलिस को भी उसमें साथ रखा जाए। यदि रोड इंजीनियरिंग में गड़बड़ी है तो उसे दूर कराया जाए। पुलिस के अनुसार रोड पर कुछ स्थानों पर ठेली पटरी तो कुछ स्थानों पर पक्का अवैध निर्माण कराया गया है। इससे 110 फुट चौड़ी रोड 50 फुट तक सिमट कर रह गई है। इन सभी मुद्दों पर काम हो तो पुलिस ने हादसे कम होने का दावा किया है।

नोएडा पुलिस कमिश्नरेट में तैनात डीएसपी ट्रैफिक अनिल यादव जेवर-टप्पल और जेवर-खुर्जा रोड पर हादसों को लेकर सड़क सुरक्षा समिति को पत्र लिखा गया है। जल्द ही सभी विभाग मौके पर जाकर सर्वे कराकर ब्लैक स्पॉट चिह्नित करेंगे।

## दिल्ली-एनसीआर में बनेगा 72 कि.मी. लंबा मेट्रो रूट

### जेवर एयरपोर्ट तक मेट्रो रेल की कनेक्टिविटी बनाने के लिए एक बड़ी परियोजना को मंजूरी

**ग्रेटर नोएडा ( चेतना मंच )।** उत्तर प्रदेश सरकार ने जेवर में बन रहे नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट तक मेट्रो रेल की कनेक्टिविटी बनाने के लिए एक बड़ी परियोजना को मंजूरी दी है। इसके तहत गाजियाबाद से जेवर एयरपोर्ट तक करीब 72 किलोमीटर लंबा रैपिड रेल गलियारा बनाया जाना है। जेवर हवाई अड्डे तक पहुंचने के लिए मेट्रो रेल गाजियाबाद से ग्रेटर नोएडा वेस्ट और परी चौक से होकर गुजरेगी। यूपी के मुख्य सचिव डी।एस।मिश्रा की अध्यक्षता में हाल ही में हुई एक बैठक में राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र परिवहन निगम की व्यवहार्यता रिपोर्ट को मंजूरी दी गई। इसके लिए विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार करने के भी निर्देश दिए गए। अनुमान है कि 2031 तक इस रूट पर रैपिड रेल चालू हो जाएगी।

इस परियोजना में लगभग 16,000 करोड़ रुपये की लागत से 72।26 किमी की कुल लंबाई को कवर करते हुए एक रैपिड रेल गलियारा बनाया जाना है। जेवर में भारत के सबसे बड़े हवाई अड्डे के निर्माण का काम चल रहा है। इसका पहला चरण 2024 तक पूरा होने की उम्मीद है, जिसमें यात्री सेवाएं अक्टूबर 2024 में शुरू होंगी। अब हवाई अड्डे तक यात्रियों की आवाजाही के लिए कनेक्टिविटी परियोजनाओं पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

नई मेट्रो सुविधा गाजियाबाद से शुरू होगी और ग्रेटर नोएडा वेस्ट और ग्रेटर नोएडा ईस्ट से होते हुए परी चौक पर एक्वा लाइन मेट्रो से जुड़ेगी। सूरजपुर कासना रोड, कासना, इकोटेक सिक्स, दनकौर होते हुए आगे बढ़ते हुए यह मार्ग यमुना प्राधिकरण क्षेत्र में एक्सप्रेसवे के समानांतर चलती हुई मेट्रो नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक पहुंचेगी।



### परियोजना के लिए फंड

परियोजना के पहले चरण के लिए केंद्र सरकार 1804 करोड़ रुपये का योगदान देगी। जबकि राज्य सरकार 2581 करोड़ देगी और शेष रकम प्राधिकरण जुटाएगा। दूसरे चरण के लिए राज्य सरकार 3135 करोड़ और प्राधिकरण 3256 करोड़ रुपये का योगदान देंगे। रैपिड रेल से 2031 तक प्रतिदिन 267670 यात्रियों को सेवा प्रदान करने की उम्मीद है। गाजियाबाद से इकोटेक सिक्स तक दैनिक यात्री अनुमान 192714 है। इकोटेक सिक्स से हवाई अड्डे तक यह 74956 है। गाजियाबाद और नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे के बीच रैपिड रेल कनेक्टिविटी सराय काले खां के माध्यम से आईजीआई हवाई अड्डे से भी जुड़ेगी। इससे यात्रियों के आईजीआई से नोएडा हवाई अड्डे तक केवल 79 मिनट में पहुंचने की उम्मीद है।

### रूट पर स्टेशन

प्रस्तावित स्टेशनों में गाजियाबाद, दक्षिण गाजियाबाद, ग्रेटर नोएडा वेस्ट का सेक्टर चार, सेक्टर दो, नॉलेज पार्क पांच, सूरजपुर, परी चौक, इकोटेक छह, दनकौर और यमुना प्राधिकरण के सेक्टर 18, 20, 21 शामिल हैं, जो नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर समाप्त होंगे। यमुना प्राधिकरण क्षेत्र के इकोटेक छह और सेक्टर 21 में डिपो के प्रस्ताव हैं। हालांकि, फाइनल डीपीआर में स्टेशनों की संख्या में बदलाव हो सकता है। इस रूट का निर्माण दो चरणों में प्रस्तावित किया गया है। पहला चरण गाजियाबाद से इकोटेक सिक्स तक, 37।15 किमी लंबा होगा और इसके 2030 तक पूरा होने की उम्मीद है। इसके निर्माण की अनुमानित लागत 9798।1 करोड़ रुपये है। जबकि दूसरा चरण इकोटेक सिक्स से नोएडा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे तक करीब 35।11 किमी लंबा होगा, जिसकी अनुमानित लागत 6391 करोड़ रुपये होगी।

## 70 हजार में नाबालिग को खरीदकर शादी रचाने वाले वृद्ध को 10 साल की सजा

**नोएडा।** बादलपुर क्षेत्र से अगवा एक नाबालिग लड़की को वर्ष 2021 में 70 हजार रुपये में खरीदकर हरियाणा के सोनीपत में शादी करने वाले जसवीर समेत आठ दोषियों को जिला न्यायालय ने सजा सुनाई है। अपर सत्र विशेष न्यायाधीश पॉक्सो द्वितीय चंद्र मोहन श्रीवास्तव ने पीड़िता से जबरन शादी कर दुष्कर्म करने के दोषी सोनीपत के महारा गांव के जसवीर (54) को दस साल कारावास की सजा सुनाई, जबकि पीड़िता को बहलाकर अगवा कर बेचने और साजिश में शामिल सात अन्य दोषियों को न्यायालय ने चार-चार साल की सजा सुनाई है। सभी दोषियों पर अर्थदंड लगाया गया है।

विशेष लोक अभियोजक चवन भाटी ने बताया कि 26 दिसंबर 2021 को बादलपुर क्षेत्र के एक गांव में रहने वाली नाबालिग घर के बाहर खेल रही थी। इसी दौरान पूर्व में उनके पड़ोस में रहने वाली हापुड़ निवासी गुड़िया उर्फ नाजरीन पत्नी नौशाद आई और उसे बहलाकर पहले गाजियाबाद और फिर हरियाणा के सोनीपत ले गई।

पुलिस ने इस मामले का खुलासा करते हुए जानकारी दी थी कि नाजरीन अपने गिरोह के साथ मिलकर लड़कियों को बेचने का गोरखधंधा करती है। महिला ने अन्य आरोपियों की मदद से पीड़िता को सोनीपत ले जाकर जसवीर को 70 हजार रुपये में बेच दिया। पुलिस ने इस मामले में पीड़िता को मुक्त कराकर वारदात का खुलासा किया।

पीड़िता के मेडिकल परीक्षण और बयान से पूरे मामले का पर्दाफाश हुआ। पुलिस ने इस मामले में गुन्नौर, संभल की रहने वाली पूजा, उसके पति रूप किशोर, सोनीपत के गोहाना की किरन, हरियाणा के रोहतक के लाखन माजरा के गांव मातन के सुनील, धर्मराज, रोहतक के खिदवाली के भूपेंद्र, रोहतक के बेस्सी गांव के कबूल, नवाब पर केस दर्ज किया था। पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा और आरोप पत्र दाखिल किया। केस में आठ गवाहों ने न्यायालय में बयान दर्ज कराए।

## होशियारपुर व मोरना पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा






**नोएडा ( चेतना मंच )।** विकसित भारत संकल्प यात्रा के चौथे दिन लोक सभा सांसद डॉ महेश शर्मा, राज्य सभा सांसद सुरेंद्र नागर और ज़िलाध्यक्ष मनोज गुप्ता का रहना हुआ।

ये यात्रा होशियारपुर, सदरपुर के पास 75मी रोड और सामुदायिक केंद्र मोरना में रही जहां भारत सरकार की सभी योजनाओं को ले कर प्रदृशनी और कैम्प लगाये गये। विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा स्टॉल लगाए गए थे, जहां पर स्थानीय लोगों ने जानकारी प्राप्त की । जिसमें जल शक्ति विभाग, स्वास्थ्य विभाग, उज्जवल, आयुष, कृषि विभाग, हस्तशिल्प विभाग, हथकरघा विभाग आदि शामिल थे। संसद ने नवजात शिशुओं का अनपराशन और महिलाओं की गोद भराई भी कर उनको आशीर्वाद दिया। डॉ महेश शर्मा ने इस मौके पर कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति के पास पहुंचने के उद्देश्य से कम कर रही है। इन योजनाओं के प्रति जागरूकता व जन भागीदारी के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा विकसित भारत संकल्प यात्रा प्रारंभ की गई है।

सांसद सुरेंद्र नगर ने कहा कि विकसित राष्ट्र को बनाने की दिशा में जो संकल्प प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लिया है उसी के रूप में यह विकसित भारत यात्रा निकाली जा रही है. उन्होंने कहा कि आज गरीब कल्याण योजनाओं से पिछले साढ़े 9 साल में ही देश का नक्शा बदलता दिखाई दिया है।

कार्यक्रम में मण्डल अध्यक्ष सूरजपाल राणा, प्रदीप चौहान, अरुण बिसोया, सुनीता शर्मा, महामंत्री उमेश त्यागी, गणेश जाटव, गिरजा सिंह, महेश अवना, गिरीश कोटनाला, चमन अवाना, उमेश यादव, ओमवीर अवाना, तन्मय शंकर, सरफ़र्ज़ अली, सुचित्रा कक्कड़, ओम यादव, शिवंश श्रीवास्तव, राहुल शर्मा, अनु चौधरी, विवेक सहित जिला व मंडल के अन्य पदाधिकारगण उपस्थित रहे।

# सोलन की थाली में छेद

सोलन में सत्ता का एक साल नगर निगम की थाली में क्यों कमजोर पड़ गया और जिल्लत किसे बेसहारा कर गई, इसका विश्लेषण होना चाहिए। क्या यह शहर का मूड है या नेताओं के चरित्र का सबूत कि जिस थाली में खा रहे, उसी में छेद कर रहे। भले ही कांग्रेस की ऊषा शर्मा को मेयर की कुर्सी मिल गई, लेकिन इस जीत के साथ पार्टी का नाता कहीं बिखरा जरूर। यह इसलिए कि जिस शिद्दत से कांग्रेस बीज बो रही थी, वहां कांटे उग आए। कांग्रेस पार्टी अपने अधिकृत प्रत्याशी सरदार सिंह ठाकुर को न तो जीत का सेहरा पहना पाई और न ही डिप्टी मेयर की कुर्सी पर संगीता ठाकुर को बैठा पाई। यह तब हुआ जब भाजपा का एक पार्षद अनुपस्थित रहा और कांग्रेस के मतों में विधायक के मत का जोड़ रहा। मेयर पद पर कांग्रेस की बागी का जीतना उतना अचंभित न करे, लेकिन पार्टी की बगावत ने भाजपा की कमजोर पारी को विजयी बनाते हुए उनकी उम्मीदवार मीरा आनंद को डिप्टी मेयर बना दिया। यह देखना रोचक होगा कि दस वोटों वाली कांग्रेस की यह हालत कैसे और क्यों हुई। क्या यही राजनीतिक चरित्र कांग्रेस की हर सत्ता पर विराजित है। सोलन में पार्टी की हालत अगर नगर निगम मेयर चुनाव कर रहा है, तो असंतोष की चूल्हों पर चढ़ी न जाने कितनी काठ की हांडियां जल रही होंगी। गौर करें कि शिमला संसदीय क्षेत्र किस कद्र सत्ता में अपना प्रभुत्व जमाए है। इसी क्षेत्र से सुक्खू सरकार में पांच मंत्री और पार्टी का राज्याध्यक्ष भी है। तमाम कसरतों, तीन मंत्रियों की मेहनत और विधायक का मत अगर पार्टीजनों की मति को नहीं सुधार पा रहा है, तो शेष हिमाचल में क्या होगा। सोलन के कांग्रेसी पार्षदों ने बागी उम्मीदवार के अलावा भाजपा के डिप्टी मेयर को जिता कर जो घंटी बजाई, उसके बाद आत्ममंथन की जरूरत बढ़ जाती है। ये तमाम नगर निगम अपने आप में शहरी मूड लिए घूम रहे हैं, लेकिन कल यही परिदृश्य अगर पार्टी के भीतरी असंतोष की जुबान बन जाए तो घातक होगा। वे कौन थे जो ऊषा शर्मा के रास्ते में कांटे बो रहे थे। आश्चर्य यह भी कि नगर निगम चुनाव में जो अपना मत ढो रहे थे, वे विधायक या सरकार में मंत्री धनी राम शांडिल इस जनादेश पर कहां खड़े होंगे। इसका अर्थ यह भी कि सोलन नगर निगम की सरहद पर सोलन विधानसभा हार गई, तो फिर विधायक महोदय के लिए यह घना सियासी कोहरा होगा। सोलन ने दरअसल कांग्रेस के संगठन व सरकार के मनन पर कई प्रश्न चस्पां किए हैं। अगर अहंकार से पार्टियां या सरकारें चलेंगी, तो अपने ही कदम लहूलुहान होंगे। क्या ऊषा शर्मा के जश्न में धनीराम शांडिल की पगड़ी ऊंची होगी या इस जीत की नारेबाजी को कांग्रेस के असंतुष्ट धड़े सोलन के बाहर कांगड़ा, चंबा, बिलासपुर, मंडी या अन्य जिलों तक भी सुनेंगे। सत्ता के लिए बहुमत प्राप्त करना एक बात है, लेकिन बहुमत सरकार में क्षेत्रीय राजनीति में संतुलन पैदा करना गंभीर चुनौती है। यह भी इस दौर में जब भाजपा जैसा विरोधी पक्ष 24 गुणा 7 पीछे पड़ा हो, तो कांग्रेस को अपने खुमार और अति विश्वास के लबादे उतारने पड़ेंगे। ऐसे में जब सरकार को अपने एक साल के जश्न की इबारत में खुद को साबित करना है, तो कुछ नए शब्द और मुहावरे जोडने् पड़ेंगे। सत्ता की श्रेष्ठता एक ऐसी साझी विरासत है, जो संगठन को एकत्रित तथा जनादेश को संगठित कर सके। शिमला व कांगड़ा में दो-दो, मंडी में एक तथा हमीरपुर संसदीय क्षेत्र में शून्य नगर निगम है। ऐसे में इनसाफ की डगर पर कम से कम हमीरपुर में नए नगर निगम की अपेक्षा एक साल की सरकार से रहेगी। दूसरी ओर शिमला संसदीय क्षेत्र से अगर पांच मंत्री, हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से मुख्यमंत्री व उप मुख्यमंत्री हो सकते हैं, तो कांगड़ा संसदीय क्षेत्र को एक साल की सरकार के बीच अपना आधार व अपनत्व की पुकार चाहिए। भले ही आज हम सोलन नगर निगम के चुनाव को कई हिस्सों, षड्यंत्रों व पार्टी अनुशासनहीनता में बांट कर देखें, लेकिन मेयर चुनाव की समग्रता में नतीजों के बजाय व्यवस्था परिवर्तन को लेकर विचार करें। हिमाचल को अगर मेयर व उप मेयर पद की गरिमा, शहरों की छवि व राजनीति को भ्रष्ट होने से बचाना है, तो इन पदों के प्रत्यक्ष चुनाव होने चाहिएं, वरना तमाम शहरी निकाय मछली बाजार की तरह ऐसी परिस्थितियों में बिकते रहेंगे। नागरिक समाज की अपेक्षाओं के विपरीत कब तक राजनीतिक आचरण यूं ही गिरता रहेगा। अंततः एक दिन जरूर आएगा जब जनता राजनीति के बिकाऊ माल से खुद को अलहदा करना चाहेगी।

## रामचरित मानस

**कल के अंक में आपने पढ़ा था कि आप परमानंद स्वरूप, कृपा के धाम और मन की कामनाओं को परिपूर्ण करने वाले हैं। हे श्री रामजी! हमको अपनी अविचल प्रेमाभक्ति दीजिए॥ उससे आगे का वर्णन क्रमानुसार प्रस्तुत है।**

**देहु भगति रघुपति अति पावनि। त्रिबिधि ताप भव दाप नसावनि॥**
**प्रनत काम सुरधेनु कलपतरु। होइ प्रसन्न दीजै प्रभु यह बरु॥**

हे रघुनाथजी! आप हमें अपनी अत्यंत पवित्र करने वाली और तीनों प्रकार के तापों और जन्म-मरण के क्लेशों का नाश करने वाली भक्ति दीजिए। हे शरणागतों की कामना पूर्ण करने के लिए कामधेनु और कल्पवृक्ष रूप प्रभो! प्रसन्न होकर हमें यही वर दीजिए॥

**भव बारिधि कुंभज रघुनायक। सेवत सुलभ सकल सुख दायक॥**
**मन संभव दारुन दुख दारय। दीनबंधु समता बिस्तारय॥**

हे रघुनाथजी! आप जन्म-मृत्यु रूप समुद्र को सोखने के लिए अगस्त्य मुनि के समान हैं। आप सेवा करने में सुलभ हैं तथा सब सुखों के देने वाले हैं। हे दीनबंधो! मन से उत्पन्न दारुण दु:खों का नाश कीजिए और (हम में) समदृष्टि का विस्तार कीजिए॥

**आस त्रास इरिषाद निवारक। बिनय बिबेक बिरति बिस्तारक॥**
**भूप मौलि मनि मंडन धरनी। देहि भगति संसृति सरि तरनी॥**

आप (विषयों की) आशा, भय और ईर्षा आदि के निवारण करने वाले हैं तथा विनय, विवेक और वैराग्य के विस्तार करने वाले हैं। हे राजाओं के शिरोमणि एवं पृथ्वी के भूषण श्री रामजी! संसृति (जन्म-मृत्यु के प्रवाह) रूपी नदी के लिए नौका रूप अपनी भक्ति प्रदान कीजिए॥

**मुनि मन मानस हंस निरंतर। चरन कमल बंदित अज संकर॥**
**रघुकुल केतु सेतु श्रुति रच्छक। काल करम सुभाउ गुन भच्छक॥**

हे मुनियों के मन रूपी मानसरोवर में निरंतर निवास करने वाले हंस! आपके चरणकमल ब्रह्माजी और शिवजी के द्वारा वंदित हैं। आप रघुकुल के केतु, वेदमर्यादा के रक्षक और काल, कर्म, स्वभाव तथा गुण (रूप बंधनों) के भक्षक (नाशक) हैं॥

**तारन तरन हरन सब दूषन। तुलसिदास प्रभु त्रिभुवन भूषन॥**

आप तरन-तारन (स्वयं तरे हुए और दूसरों को तारने वाले) तथा सब दोषों को हरने वाले हैं। तीनों लोकों के विभूषण आप ही तुलसीदास के स्वामी हैं॥

(क्रमश:...)

# कांग्रेस और कैश को पर्यायवाची शब्द बना दिया है

कांग्रेस के नेताओं ने 'चौकीदार चोर है' का नारा लगाया लेकिन यह नारा नहीं चला, कांग्रेस के नेताओं ने उद्योगपति गौतम अडाणी पर निशाना साधते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को घेरना चाहा और 'मोदानी' नाम से अभियान चलाया लेकिन इस अभियान की हवा निकल गयी। जानते हैं क्यों? क्योंकि जनता जानती है कि कलियुग में 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत ही चरितार्थ होती है। कांग्रेस के राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू के परिसरों से नकदी के जो बंडल पर बंडल निकल रहे हैं वह इस बात की जरूरत पर भी बल दे रहे हैं कि 'चोर की दाढ़ी में तिनका' वाली कहावत को बदला जाये क्योंकि चोर अब डकैत बन चुके हैं और तिनका अब बड़ी-बड़ी तिजोरियों का रूप ले चुका है। झारखंड के कांग्रेस सांसद के यहां से बरामद हो रही नकदी सिर्फ टैक्स की चोरी नहीं है, यह सिर्फ गरीबों के हक का पैसा नहीं है, यह मध्यमवर्गीय परिवारों के हक पर भी कुठाराघात है जो समय पर सारी ईएमआई, कर और अन्य प्रकार के भुगतान करते हैं और बजट में जरा-सी राहत पाने का इंतजार करते रहते हैं।

देखा जाये तो मोदी सरकार जब भ्रष्टाचारियों के खिलाफ ईडी की छापेमारी करवाती है तो घमंडिया गठबंधन के सारे नेता एकत्रित हो जाते हैं और आरोप लगाते हैं कि लोकतंत्र की हत्या की जा रही है। यही नहीं, ईडी के समन को तवज्जो नहीं देते हुए नेता चुनावी रैलियों के लिए निकल जाते हैं और कहते हैं कि मोदी सरकार हम पर अत्याचार कर रही है और हम ऐसे समन से डरने वाले नहीं हैं। लेकिन वक्त आ गया है कि भ्रष्ट राजनीतिज्ञों के मन में कानून का डर पैदा किया जाये। सवाल उठता है कि यह लूट और डकैती नहीं तो क्या है कि राजनीतिज्ञों के घर से सामान्य बैंक ब्रांचों से ज्यादा कैश बरामद हो रहा है, राजनीतिज्ञों के घर से सुनार की दुकान से ज्यादा सोना बरामद हो रहा है और राजनीतिज्ञों के घर से बिल्डरों की भांति जमीन-जायदाद के तमाम कागजात बरामद हो रहे हैं? यह सब देखकर आम आदमी के दिल से यही निकल रहा है कि देश को लूटने वालों से पाई-पाई वसूलनी ही चाहिए।



*झारखंड में ऐसा नहीं है कि पहली बार किसी कांग्रेसी नेता के यहां से नकदी बरामद की गयी है। इससे पहले कांग्रेस के कुछ विधायक बड़ी मात्रा में नकदी के साथ पकड़े गये थे तब दिखाने के लिए कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था लेकिन जल्द ही पार्टी में उनकी बहाली भी हो गयी थी।*

वैसे, झारखंड में ऐसा नहीं है कि पहली बार किसी कांग्रेसी नेता के यहां से नकदी बरामद की गयी है। इससे पहले कांग्रेस के कुछ विधायक बड़ी मात्रा में नकदी के साथ पकड़े गये थे तब दिखाने के लिए कांग्रेस ने उन्हें पार्टी से निलंबित कर दिया था लेकिन जल्द ही पार्टी में उनकी बहाली भी हो गयी थी। अब झारखंड में कांग्रेस सांसद के यहां से बरामद नकदी दर्शा रही है कि कांग्रेस और कैश पर्यायवाची शब्द होते जा रहे हैं। बात सिर्फ झारखंड की भी नहीं है। अभी हाल ही में छत्तीसगढ़ में महादेव एप मामले के दौरान तत्कालीन मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को 500 करोड़ रुपए से ज्यादा नकद देने की बात भी सामने आई थी। सवाल उठता है कि जब राज्यों में कांग्रेस इतने बड़े घोटालों के आरोपों के घेरे में आती है तो जरा कल्पना कीजिये कि केंद्र में उसके सत्ता में रहने के दौरान घोटालों की राशि का दायरा क्या रहता रहा होगा?

बहरहाल, देखा जाये तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही ही कहा है कि देशवासी इन नोटों के ढेर को देखें और फिर इनके नेताओं के ईमानदारी के 'भाषणों' को सुनें। आज कांग्रेस को शर्मसार होने की जरूरत है और अपने भ्रष्ट नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखाने की जरूरत है। कांग्रेस के नेता दूसरों के लिए 'पे सीएम' या चालीस प्रतिशत कमीशन वाली सरकार या मोदानी जैसे अभियान चलाते हैं। इसलिए पार्टी को यह बताना चाहिए कि झारखंड में कांग्रेस सांसद से संबद्ध ठिकाने से जो नकदी बरामद हुई है उसको देखते हुए कांग्रेस के खिलाफ जनता को कैसा अभियान चलाना चाहिए या कांग्रेस को किस नये नाम से पुकारना चाहिए?

**-नीरज कुमार दुबे**

# क्या वाकई सनातन का श्राप कांग्रेस को विधानसभा चुनावों में ले डूबा है?

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव नतीजे घोषित हो चुके हैं। हिंदी पट्टी के तीन राज्यों- मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपनी हार से बौखलाई कांग्रेस और इंडिया गठबंधन फिर से एक बार क्षुद्र राजनीति पर उतर आया है। रस्मी तौर पर हर बार की तरह इस बार भी विपक्ष ने अपनी हार, नाकामियों और कमियों का ठिकरा ईवीएम के सिर फोड़ा है। लेकिन इस बार विरोध सिर्फ यहीं तक सीमित नहीं है, बल्कि द्रमुक सांसद सेंथिल कुमार ने लोकसभा में बयान देकर जनादेश को 'उत्तर बनाम दक्षिण' करने की मंशा जाहिर की है। उन्होंने कहा कि भाजपा हिंदी पट्टी के 'गौमूत्र' वाले राज्यों में ही चुनाव जीतती है।

यह भी कोई नई बात नहीं है कि डीएमके के किसी नेता ने इस तरह का बयान कोई पहली बार दिया है, इससे पहले भी उसके नेता विभाजनकारी बयान देते रहे हैं। डीएमके सांसद का यह विवादित बयान कोई अनायास नहीं आया है, यह सोची समझी रणनीति का हिस्सा है। द्रमुक के नेताओं ने ही 'सनातन' के समूल नाश की बात कही थी और उसकी तुलना एड्स और कोढ जैसी बीमारियों से की थी। क्या ऐसी गालियां देना राजनीति के लिए जरूरी है? चाहे हिंदी भाषा की बात हो, सनातन संस्कृति की बात हो या फिर उत्तर-दक्षिण विवाद की बात हो, वे इसे लेकर विवादित बयान देते रहे हैं। द्रमुक विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' का ही घटक-दल है। विरोध के बाद सांसद को माफी मांगनी पड़ी, लेकिन ऐसा भाजपा-विरोध देश की 'विविधता में एकता' संस्कृति का अपमान और उल्लंघन है। हालांकि इस कथन को लोकसभा की कार्यवाही के रिकॉर्ड से बाहर कर दिया गया है, लेकिन यह अपमान कौन सहेगा?

इसमें कोई दो राय नहीं है कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस की करारी हार के पीछे सनातन का विरोध, सनातन के विरोध पर चुप्पी और मुस्लिम तुष्टिकरण बड़ी वजह है। एक तरफ जहां इस हार लेकर कांग्रेस में रोना-धोना मचा है, वहीं नैरेटिव का खेल भी जारी है। यानि कांग्रेस हार से सबक लेने के लिए तैयार नहीं है। कांग्रेस के ही नेता आचार्य प्रमोद कृष्णम ने पार्टी को आईना दिखाते हुए कहा कि सनातन का श्राप कांग्रेस को ले डूबा।

पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को मिली हार के बाद लेफ्ट लिबरल गैंग और कांग्रेस समर्थक पत्रकारों-विश्लेषकों ने तरह-तरह के कुतर्क रचने शुरू कर दिए हैं। इंडिया टुडे के पत्रकार शिव अरूर ने कांग्रेस समर्थक पत्रकारों-विश्लेषकों की परतें उघाड़ कर रख दी है। इसी वीडियो को शेयर करते हुए पीएम मोदी ने कांग्रेस पर तंज कसते हुए लिखा, 'वे अपने अहंकार, झूठ, निराशावाद और अज्ञानता से खुश रहें। लेकिन उनके विभाजनकारी एजेंडे से सावधान रहें। 70 साल पुरानी आदत इतनी आसानी से नहीं जा सकती।' पीएम मोदी ने कटाक्ष करते हुए कहा कि 'ऐसे लोगों की बुद्धिमत्ता है कि उन्हें आगे कई और मेल्टडाउन्स के लिए तैयार रहना होगा।'



*इसमें कोई दो राय नहीं है कि राजस्थान, छत्तीसगढ़ और मध्य प्रदेश में कांग्रेस की करारी हार के पीछे सनातन का विरोध, सनातन के विरोध पर चुप्पी और मुस्लिम तुष्टिकरण बड़ी वजह है। एक तरफ जहां इस हार लेकर कांग्रेस में रोना-धोना मचा है, वहीं नैरेटिव का खेल भी जारी है।*

दरअसल कांग्रेस ने 70 सालों से यही अपना चाल, चेहरा और चरित्र बना लिया है। वह इस बात को समझ ही नहीं पाई सनातन संस्कृति के दम पर भारत हमेशा से धर्म परायण देश रहा है और यहां जातिवाद कभी नहीं रहा। कांग्रेस के तुष्टिकरण की पराकाष्ठा देखिए कि उदयपुर में कांग्रेस के प्रत्याशी गौरव वल्लभ ने कब्रिस्तान के लिए 5 बीघा जमीन मुफ्त देने की घोषणा ही कर डाली। उदयपुर वही जिला है, जहां दर्जी कन्हैया लाल की निर्मम हत्या हुई और ये मामले पूरे देश में सुर्खियों में रहा था। गहलोत सरकार इस पूरे मामले को लेकर सवालों के घेरे में रही। सनातन के विरोध और कन्हैया लाल के अपराधियों पर सख्त कार्रवाई नहीं करने के चलते उदयपुर विधानसभा सीट से कांग्रेस को बुरी हार का सामना करना पड़ा। बीजेपी के ताराचंद जैन ने यहां जीत का परचम लहराया।

सनातन को गाली और मुस्लिम तुष्टिकरण और जिहाद को बढ़ावा देना कांग्रेस को किस तरह भारी पड़ा है उसे छत्तीसगढ़ के एक उदाहरण से समझा जा सकता है। छत्तीसगढ़ के 24 वर्षीय युवा भुवनेश्वर साहू को बेमेतरा के बिरनपुर में जिहादियों की भीड़ ने मार दिया था और उसके परिवार को कांग्रेस सरकार में न्याय नहीं मिला। उनके पिता ईश्वर साहू नितांत गरीब थे, उनको भाजपा ने 'साजा' सीट से टिकट दिया। भुवनेश्वर के पिता ईश्वर साहू ने 19600 मतों से 40 साल से कांग्रेस से विधायक मंत्री रविन्द्र चौबे को हरा दिया। रविन्द्र चौबे छत्तीसगढ़ में बघेल सरकार में कृषि मंत्री थे और सात बार विधायक रह चुके हैं। वोटबैंक के डर से और मुस्लिम तुष्टिकरण में कांग्रेस ने अपराधियों पर कार्रवाई नहीं की। ऐसे नतीजे कांग्रेस को हर बार बताते आएंगे कि आखिर क्यों जनता का समर्थन उसे नहीं मिलता।

इंडिया गठबंधन के घटक दल समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कई बार तुलसीदास और रामचरितमानस के लिए विवादित शब्दावली का इस्तेमाल किया है। उन्होंने यहां तक कहा है कि हिन्दू नाम का कोई धर्म ही नहीं है, ये ब्राह्मण धर्म है। उन्होंने हिन्दू धर्म को धोखा बता दिया। इसी तरह, बिहार के शिक्षा मंत्री चंद्रशेखर यादव ने विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में छात्रों के मन में रामचरितमानस को लेकर जहर भरा। स्वामी प्रसाद मौर्य और चंद्रशेखर यादव के अलावा उदयनिधि स्टालिन, ए. राजा, प्रियांक खडगे आदि सनातन को भला-बुरा कहने और कोसने वालों की लंबी कतार है।

इसमें कोई दो राय नहीं है कि सनातन धर्म दुनिया का सबसे पुराना धर्म है। सनातन धर्म पर अर्नगल बयानबाजी और टिप्पणियां न सिर्फ सनातन धर्म के खिलाफ हैं, बल्कि भारत के खिलाफ भी हैं। सनातन के अपमान से करोड़ों देशवासियों की भावनाएं आहत होती हैं। वास्तव में बात बस इतनी-सी है कि सनातन धर्म को लेकर जो-जो बातें कही गईं, इस्लाम या ईसाई के लिए मुंह तक खोल देने पर ईशनिंदा का आरोप लग जाता है।

मुंबई में 26/11 आतंकी हमले की साजिश कांग्रेस ने हिंदू आतंकवाद का नैरेटिव सेट करने के लिए रची थी। कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और महेश भट्ट ने यह साबित करने की पूरी कोशिश की थी कि मुंबई आतंकी हमला हिंदू आतंकवाद के कारण हुआ। पाकिस्तानी आतंकवादी अजमल कसाब हाथ में कलावा और आई कार्ड समीर चौधरी का लेकर भारत में घुसा था। अगर वह जिंदा पकड़ा नहीं जाता तो कांग्रेस हिंदू आतंकवाद को साबित करने में सफल हो जाती। यही नहीं एक कांग्रेस समर्थक पत्रकार अजीज बर्नी ने एक किताब प्रकाशित की- '26/11, आरएसएस की साजिश'। इस किताब का लोकार्पण कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह और बॉलीवुड डायरेक्टर महेश भट्ट ने किया था।


जहां तक ईवीएम का प्रश्न है, तो उससे जुड़े विवाद सर्वोच्च अदालत तक जा चुके हैं। चुनाव आयोग ने भी सर्वदलीय निमंत्रण दिया था और मशीन में गड़बड़ी निकालने की चुनौती दी थी। उसे विपक्ष ने स्वीकार क्यों नहीं किया? अब भी संशय में डूबा विपक्ष या उनका कोई भी प्रतिनिधि उचित मंच में ईवीएम को चुनौती दे सकता है।

सवाल है कि क्या ऐसी विभाजक राजनीति और सनातन को गाली देकर विपक्ष 2024 का आम चुनाव जीता सकता है? क्या सनातन को गाली देना और विभाजनकारी मानसिकता ही विपक्ष का नया राजनीतिक एजेंडा है? क्या देश में गौ, गंगा, गायत्री, गीता का अपमान बर्दाश्त किया जा सकता है? लोकतंत्र में जनादेश ही अंतिम निर्णय है। वह जनता का निर्णायक रुख है। इंडिया गठबंधन और खासकर कांग्रेस को विधानसभा चुनाव में मिली हार के कारणों पर विचार करना चाहिए और जो जनादेश देश की जनता ने सुनाया है, उसे विनम्रतापूर्वक स्वीकार करना चाहिए।

**-डॉ. आशीष वशिष्ठ--**

## राशिफल


मार्गशीर्ष कृष्ण-द्वादशी | (विक्रम संवत् 2080)




**मेष- (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**
भाइयों और मित्रों के सहयोग से आप व्यावसायिक तरक्की करते हुए दिख रहे हैं।



**वृष- (ई, उ, ए, ओ, वा, वी, वू, वे , वो)**
अपनों का साथ होगा लेकिन आपस में तूतू-मैंमैं का भी संकेत है। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान की स्थिति अच्छी नहीं है।




**मिथुन- (का, की, कु, घ, ड , छ, के, हो, हा)**
कुल मिलाकार स्वास्थ्य की स्थिति अच्छी नहीं है लेकिन 6 तारीख को आपकी स्थिति अच्छी रहेगी।




**कर्क- (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डा)**
ऊर्जा की कमी महसूस करेंगे। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। प्रेम-संतान की स्थिति पहले से बेहतर है।




**सिंह- (मा, मी, मु, मे, मो, टा, टी, टु, टे)**
शासन सत्ता पक्ष का सहयोग मिलेगा। उच्चाधिकारियों का सहयोग मिलेगा। स्वास्थ्य अच्छा है।




**कन्या- (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**
प्रेम-संतान की स्थिति पहले से सुधार में है। व्यापार अच्छा है। कोर्ट-कचहरी में विजय मिलेगी।




**तुला- (रा, री, रु, रे, रो, ता, ती, तू, त)**
भाग्य साथ देगा। भाग्यवश आपका कुछ काम बनेगा। स्वास्थ्य करीब-करीब ठीक है।



**वृश्चिक- (तो, ना, नी, नु, ने, नो, या, यी, यू)**
परिस्थितियां प्रतिकूल है। बचकर पार करें। स्वास्थ्य मध्यम। प्रेम-संतान अच्छा व व्यापार भी लगभग ठीक दिख रहा है।



**धनु- (ये, यो, भा, भी, भू, धा, फा, ठा, भे)**
जीवनसाथी के साथ बहुत एन्जॉय करेंगे। व्यावसायिक सफलता मिलेगी। प्रेमी-प्रेमिका की मुलाकात संभव है।



**मकर- (भो,जा,जी,जू,जे,जो,खा,खी,खू,खे,गा,गी)**
शत्रु नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे लेकिन उनक एक नहीं चल पाएगी। आपकी जीत होगी। लेकिन परेशानी बनी रहेगी।



**कुम्भ- (गू, गे, गो, सा, सी, सु, से, षो, द)**
स्वास्थ्य में सुधार धीरे-धीरे आने वाले समय में हो जाएगा। ऊर्जा का स्तर बढ़ेगा। प्रेम-संतान मध्यम है।



**मीन- (दी, दु, झ, ध, दे, दो, च, चा, चि)**
भूमि, भवन व वाहन की खरीदारी संभव है। भौतिक सुख-संपदा में वृद्धि होगी। लेकिन गृहकलह से बचें।

# बिल्डरों पर चला प्राधिकरण का चाबुक लगाया 30 लाख रुपये का जुर्माना

**ग्रेटर नोएडा (चेतना मंच)।** ग्रेटर नोएडा में अलग-अलग नामों से मल्टी स्टोरी सोसायटी बनाने वाले 6 बिल्डरों पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का जोरदार चाबुक चला है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ रवि कुमार एन.जी. ने नियमों का पालन ना करने वाले 6 बिल्डरों पर 30 लाख रुपये का जुर्माना ठोंक दिया है।



आपको बता दें कि शनिवार को ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने एक बड़ा फैसला किया है। इस फैसले के तहत शहर की सोसायटियों में लगे एसटीपी को न चलाने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने 6 बिल्डर सोसाइटियों के खिलाफ कार्रवाई की है। इन 6 बिल्डर सोसाइटियों पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है। प्राधिकरण ने जुर्माने की रकम एक सप्ताह में जमा कराने के निर्देश दिए हैं। जुर्माने की रकम जमा न कराने और गलती दोहराने पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी भी दी गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के जल तथा सीवर विभाग के महाप्रबंधक जितेंद्र गौतम ने अपनी टीम के साथ ग्रेटर नोएडा वेस्ट स्थित बिल्डर सोसाइटियों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान 6 सोसाइटियों में खामी मिली। ये सोसाइटियां सीवरेज को शोधित करने के लिए एसटीपी का संचालन मानकों के अनुरूप नहीं कर रही थीं। साथ ही सीवरेज को शोधित किए बिना ही ड्रेनेज सिस्टम में डाल रहीं थीं, जबकि इस शोधित पानी का इस्तेमाल पेड़-पौधों की सिंचाई के लिए उपयोग करने का प्रावधान है। औचक निरीक्षण के दौरान ये खामियां मिलने पर प्राधिकरण की टीम ने 6 बिल्डर सोसाइटियों पर 30 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। प्रत्येक सोसाइटियों पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया है।

**इन बिल्डरों पर चला चाबुक**

आपको बता दें कि जिन बिल्डरों पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण का चाबुक चला है उनमें अजय इंटरप्राइजेस का सेक्टर-2 स्थित प्रोजेक्ट इरोज संपूर्णम, राजेश इंफ्राटेक का सेक्टर-एक स्थित प्रोजेक्ट राजेश रेजिडेंसी, क्रिस्ट प्रमोटर्स का सेक्टर-1 स्थित ऐस सिटी सोसाइटी, पंचशील बिल्डर का सेक्टर एक स्थित प्रोजेक्ट पंचशील हाईनेस समिति, स्टेलर कांसलेशन का सेक्टर-एक स्थित स्टेलर जीवन सोसायटी और सेक्टर एक स्थित देविका गोल्ड होम प्रोजेक्ट शामिल हैं। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के एसीईओ आशुतोष द्विवेदी ने चेतावनी दी है कि प्राधिकरण की तरफ से इस तरह का औचक निरीक्षण आगे भी जारी रहेगा। जिन सोसाइटियों में एसटीपी चलता नहीं पाया गया, अथवा वह सीवरेज को शोधित किए बिना ही ड्रेनेज में डालते पाए गए तो उनके विरुद्ध और कठोर कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने सोसाइटियों से एसटीपी से शोधित पानी का इस्तेमाल सिंचाई कार्यों में करने की अपील की है।

# दानिश अली को बसपा ने पार्टी से निकाला बाहर

**लखनऊ, एजेंसी।** लोकसभा में भाजपा सांसद रमेश चंद विधूडी द्वारा आपत्तिजनक टिप्पणियों के बाद सुर्खियों में आए बहुजन समाज पार्टी के सांसद दानिश अली को पार्टी ने संस्पैंड कर दिया है। उन्हें पार्टी से बाहर निकालते हुए कहा गया है कि वह पार्टी की नीतियों व निर्देशों का पालन नहीं कर रहे हैं और पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं।



आपको बता दें कि लोकसभा में एक चर्चा के दौरान भाजपा सांसद रमेश चंद विधूडी और यूपी के अमरोहा से सांसद दानिश अली के बीच तीखी नोंकझोंक हुई थी। इस नोंकझोंक के दौरान भाजपा सांसद रमेश चंद विधूडी ने दानिश अली पर कई आपत्तिजनक टिप्पणियां की थी। इस घटना के बाद बसपा सांसद दानिश अली सुर्खियों में आ गए थे। अभी हाल ही में प्रारंभ हुए शीतकालीन सत्र के पहले दिन भी दानिश अली अपने गले में पोस्टर टांगकर रमेश चंद विधूडी के खिलाफ कार्यवाही की मांग करते हुए पहुंचे थे। अब बहुजन समाज पार्टी ने उन पर अचानक कड़ा फैसला लेते हुए उन्हें पार्टी से सस्पैंड कर दिया है।

बसपा के राष्ट्रीय महासचिव सतीश चंद्र मिश्रा ने इस संबंध में एक पत्र जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि कई बार मौखिक रुप से कहा गया है कि आप पार्टी की नीतियों एवं विचारधारा के विरुद्ध जाकर कोई भी बयानबाजी व कृत्य आदि ना करें। परंतु इसके बावजूद आप लगातार पार्टी के विरुद्ध जाकर कृत्य करते आ रहे हैं और पार्टी विरोधी गतिविधियों में लिप्त हैं। इसलिए पार्टी हित में आपको बहुजन समाज पार्टी की सदस्यता से तत्काल निलंबित किया जाता है।

# आम्रपाली और इनवेस्टर क्लीनिक के एमडी पर मुकदमा

**नोएडा (चेतना मंच)।** नोएडा पुलिस कमिश्नरेट द्वारा भूमाफियाओं के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान से भी नोएडा के बिल्डर बाज नहीं आ रही है। वह लगातार लोगों को ठग रहे हैं। नोएडा के बिल्डर फ्लैट देने के नाम पर जनता से भारी भरकम रकम तो वसूल रहे हैं, लेकिन जब फ्लैट देने का टाइम आता है तो हाथ खड़े कर देते हैं। नोएडा के आम्रपाली बिल्डर और इनवेस्टर क्लीनिक के निदेशक के खिलाफ कोर्ट के आदेश पर धोखाधड़ी मुकदमा दर्ज किया गया है। इन दोनों ने फ्लैट देने के नाम पर एक शख्स से 62 लाख रुपये की ठगी की है।



नोएडा की कोतवाली सेक्टर-126 में आम्रपाली बिल्डर के एमडी अनिल शर्मा और इनवेस्टर क्लीनिक के एमडी हनी काल्याल के खिलाफ नामजद एफआईआर हुई है। आपको बता दें कि कविनगर के रहने वाले रिटायर अधिकारी शिव शंकर राठौड़ ने कोर्ट में अर्जी दी थी कि वर्ष 2015 में उसकी मुलाकात इन्वेस्टर क्लीनिक इंफ्राटेक प्राइवेट लिमिटेड के निदेशक हनी कात्याल से हुई थी।

हनी कात्याल ने बताया कि वह रियल एस्टेट का काम करता है और पैसे निवेश कराकर फ्लैट आदि की बुकिंग कराता है। हनी ने रिटायर अफसर को बताया था कि आम्रपाली लेजर वैली प्राइवेट लिमिटेड के एमडी अनिल कुमार शर्मा सेवानिवृत अधिकारियों के लिए एक अलग से सोसाइटी ग्रेटर नोएडा में बना रहे हैं, जिसका नाम आम्रपाली आवास योजना रखा गया है। यह ग्रेटर नोएडा अथॉरिटी से पूर्ण रूप से अप्रूव्ड है।

शिकायतकर्ता को बेटी के लिए फ्लैट चाहिए था। इसके बाद उन्हें अपार्टमेंट का मॉडल दिखाते हुए बताया था कि प्रोजेक्ट ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण द्वारा स्वीकृत है। तय समय पर अपार्टमेंट पर भौतिक कब्जा दे दिया जाएगा। पीड़ित का आरोप है कि दोनों लोगों ने झांसे में लेकर उनसे वहां पर फ्लैट बुक करवाया। इसके लिए चेक के माध्यम से 62 लाख रुपये का भुगतान किया गया। रकम लेने के बाद अब तक न तो फ्लैट मिला और न ही पैसे वापस किया गया। इस मामले में पीड़ित ने पहले पुलिस से शिकायत की, लेकिन वहां सुनवाई नहीं हुई, तब उन्होंने कोर्ट में अर्जी में दी। अब कोर्ट के आदेश पर कोतवाली सेक्टर-126 में मुकदमा दर्ज किया गया है।

# कांग्रेस राज्यसभा सांसद भ्रष्टाचार के खिलाफ भाजपा ने राष्ट्रपति को भेजा ज्ञापन

**गाजियाबाद (चेतना मंच)।** गाजियाबाद कांग्रेस पार्टी के राज्यसभा सांसद के परिसर में 200 करोड़ रुपयों से भी अधिक नकदी प्राप्त होने को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन कर राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन एडीएम सिटी गंभीर सिंह को सौंपा।



भाजपा महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा ने राष्ट्रपति के नाम सौंप गए ज्ञापन के माध्यम से कहा कि हम आपका ध्यान एक जैसा सभी समाचार पत्रों में भी प्रकाशित हुआ कि झारखण्ड राज्य से निर्वाचित कांग्रेस पार्टी के एक राज्यसभा सांसद के परिसरों से लगभग 200 करोड़ रुपयों से अधिक की नकदी बरामद हुई है, किसी के पास इतनी बड़ी मात्र में नकदी बरामद होना चिंतनीय और गंभीर विषय है और वो भी तब जब जब वो भारतीय संसद के सदस्य हों। हम आपसे सादर निवेदन करना चाहते है कि कृपया इस अति संवेदनशील विषय पर इस प्रकार के अपराध हेतु समस्त प्राधिकारों प्राप्त अधिकारिक जाँच प्राधिकरण से इस प्रकरण से जुड़े सभी लोंगों पर चाहे वे किसी राजनीतिक पार्टी से हों, प्रभावशाली हों या अन्य हों, की निष्पक्ष एवं विस्तृत जाँच कर दोषियों को चिह्नित कर कानूनसम्वत कार्यवाही सुनिश्चित कराने की कृपा करें।

इस मौके पर महानगर अध्यक्ष संजीव शर्मा, कैप्टन विकास गुप्ता, विधायक अजीत पाल त्यागी, पूर्व महापौर आशा शर्मा, अशोक गोयल, अनिल स्वामी, वीरेश्वर त्यागी, अमर दत्त शर्मा, राजेश्वर प्रसाद, महामंत्री पप्पू पहलवान, गोपाल अग्रवाल सुशील गौतम, बॉबी त्यागी, संजय रावत, धीरज शर्मा, प्रदीप चौधरी, संजीव गुप्ता, संजय कुशवाह, अमित त्यागी, ब्लॉक प्रमुख राजीव त्यागी, देवेंद्र चौधरी, उदिता त्यागी, कविता सिरोही, वर्षा हजेला, राजू पंचाल, पंकज भारद्वाज, दयानंद बंसल, सुधीर शर्मा, हेमराज मेहर, आशुतोष शर्मा, मोनू त्यागी, नीरज त्यागी, ओम दत्त कौशिक मौजूद रहे।

# फिल्म 'ग्रेजुएट फरज़ाना' का हुआ मुहुर्त संपन्न

**नोएडा (चेतना मंच)।** फिल्म 'गेजुऐट फरज़ाना' का मुहूर्त नोएडा के फिल्म सिटी में संपन्न हुआ। यह फिल्म मशहूर एडवर्टाइजिंग कंपनी ग्राफिसएडस के बैनर तले बनाई जा रही है।



इस अवसर पर ग्राफिस एडस के चेयरमैन मुकेश गुप्ता ने बताया कि यह फिल्म समाज में लड़कियों की स्थिती को बेहतर बनाने का संदेश देती हैमशहूर पंजाबी गायक मलकीत सिंह ने टीम को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह की कहानियों की बहुत जरुरत है। ऐसी कहानियां समाज में दिशा-प्रेरक होती हैं।

वहीं लोकप्रिय स्काई डाइवर पद्मश्री शीतल महाजन ने कहा कि उन्हें समाज में अपनी एक पहचान बनाने के लिए कई कठिनाइयों का सामना करना पड़ा। ऐसे में इस तरह की फिल्म बदलते परिवेश में सभी के लिए एक पॉजिटीव संदेश देगी।

रवि सरीन फिल्म इंस्टीट्यूट के फाउंडर रवि सरीन व दिपाली सरीन का भी इस फिल्म में योगदान है। उनके ही इंस्टीट्यूट से दो मुख्य कलाकारों का चयन किया गया है।

इस अवसर पर फिल्म के निर्देशक इरशाद दिल्लीवाला ने बताया कि यह फिल्म वर्तमान मुस्लिम परिवेश में लड़कियों की स्थिती और उनकी सोच को उजागर करती है। उल्लेखनीय है कि इरशाद दिल्लीवाला ने ही इस फिल्म की पटकथा भी लिखी है। 'ग्रेजुएट फरज़ाना' के निर्माता को अपनी टीम पर पूरा भरोसा है। वह कहते हैं, पिछले एक साल की अथक प्रयास के बाद हमने हर क्षेत्र से मंजे हुए प्रतिभा को चुनकर एक टीम का रूप दिया है।

मुहूर्त के अवसर पर फिल्म के सिनेमेटोग्राफर संजय दत्तानी , चीफ असिस्टेंट डाइरेक्टर , फिल्म एडिटर मशहूर शायर पॉपुलर आदि भी उपस्थित थे। अन्य कलाकारों में संगीता सुयल, यामीन अंसारी, इंतज़ार खान, संजय गोयल, संजय जैन और जय भाटिया भी शामिल हैं।





**दैनिक चेतना मंच**

भगवान हनुमान बजरंग बली के अवतार श्री बालाजी (मेंहदीपुर) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में समर्पित है।

डाक पंजी. सं. L-10/GBD-574/99

RNI No. 69950/98

स्वामी मुद्रक प्रकाशक रामपाल सिंह रघुवंशी ने बीएफएल इन्फोटेक लि. सी-9, सेक्टर-3, नोएडा, गौतमबुद्धनगर (यू पी.) से छपवाकर, ए-131 सेक्टर-83, नोएडा से प्रकाशित किया।

संपादक-रामपाल सिंह रघुवंशी

Contact:
0120-2518100, 4576372, 2518200
Mo.: 9811735566, 8750322340

E-mail:
chetnamanch.pr@gmail.com
raghuvanshirampal365@gmail.com
raghuvanshi_rampal@yahoo.co.in
www.chetnamanch.com



## कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर।

पत्रांकः- 8508/96 एम(iV)-बु0शहर वृत्त/2023-24 दिनांकः-25.11.2023

ई-प्रोक्योरमेन्ट निविदा सूचना

महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर द्वारा निम्नलिखित कार्य की मदवार दरों पर ऑनलाईन निविदा http://etender.up.nic.in के माध्यम से उक्त कार्य के लिये लोक निर्माण विभाग में तालिका के कॉलम 10 के अनुसार रोड़ निर्माण में रजिस्टर्ड फर्म/ठेकेदार द्वारा दिनांक 12.12.2023 से 18.12.2023 तक अपरान्ह 12:00 बजे तक उ0प्र0 सरकार से प्रचलित एस0बी0डी0 के अनुसार आमंत्रित की जाती है। कार्य की तकनीकी निविदा दिनांक 18.12.2023 को अपरान्ह 12:30 बजे खोली जायेगी। यदि किसी कारणवश निविदा खोलने की तिथि को कार्यालय बन्द होता है तो उक्त निविदा अगले कार्य दिवस में ऑनलाईन खोली जायेगी तथा निविदा खोलने का समय तथा वैद्यता पूर्ववत् होगी। ऑनलाईन फाईनेन्शियल बिड खोलने हेतु समय व तिथि वेबसाइट पर दर्शायी जायेगी।

| क्रम सं0/लॉट सं0 | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रू0 लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा प्रपत्र का मूल्य व जी0एस0टी0 सहित (रू0 में) | सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता का पता | सम्बन्धित अधीक्षण अभियन्ता का पता | सम्बन्धित मुख्य अभियन्ता का पता | ठेकेदार के पंजीयन की श्रेणी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | जनपद गौतमबुद्धनगर में वित्तीय वर्ष 2023-24 में दादरी जारचा मार्ग से वीरपुरा खण्डेरा कोट का पुल व अजायपुर फाटक मार्ग (अ0जि0मा0) पर चौडीकरण एवं सुदृढीकरण का कार्य। | 1875.00 | 30.00 | 12 माह | निविदा शुल्क 300+2000+18% जी0एस0टी0 रू0 414.0 = 2714.00 | अधिशासी अभियन्ता, प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0, गौतमबुद्धनगर | अधीक्षण अभियन्ता, बुलन्दशहर वृत्त, लो0नि0वि0, बुलन्दशहर | मुख्य अभियन्ता, मे0क्षे0, लो0नि0वि0, मेरठ | A |

1. कार्य को पूर्ण करने की अवधि उक्त तालिका के कॉलम सं0-5 में वर्षाकाल सहित अंकित है।
2. निविदा प्रपत्र शुल्क का भुगतान इन्टरनेट बैकिंग के माध्यम से किया जाना अनिवार्य होगा।
3. समस्त पंजीकृत ठेकेदारो द्वारा पिछले 5 वर्षो का टर्न ओवर जोकि सी0ए0 से सत्यापित हो, एवं पिछले 5 वर्षो से सन्तोषजनक रूप से किये गये अधिकतम लागत के कार्यों का विवरण चाणक्य सॉफ्टवेयर में निविदा डालने के पूर्व अपलोड किया जायेगा।
ई-निविदा, जोकि http://etender.up.nic.in पर अपलोड की जायेगी। उसका विवरण लोक निर्माण विभाग, उ0प्र0 के चाणक्य सॉफ्टवेयर में उपलब्ध सॉफ्टवेयर पर भी निविदा डालने की अन्तिम तिथि एवं समय से पूर्व अपलोड करना अनिवार्य होगा।
4. निविदा से सम्बन्धित नियम/शर्ते तथा अन्य विवरण http://etender.up.nic.in पर उपलब्ध है।
5. लोक निर्माण विभाग में निविदाओं का तकनीकी मूल्यांकन प्रहरी सॉफ्टवेयर के माध्यम से होना है। प्रहरी का यू0आर0एल http://wms.uppwd.gov.in/Prahari/ है।

(कंचन सिंह)
अधिशासी अभियन्ता
प्रान्तीय खण्ड, लो0नि0वि0,
गौतमबुद्धनगर

(एस0के0 गौतम)
अधीक्षण अभियन्ता
बुलन्दशहरवृत, लो0नि0वि0,
बुलन्दशहर

www.upgov.nic.in I Upid-198682 Dt. 07/12/2023

# सोनिया गांधी हुईं 77 साल की: इटली की एक 'प्रेम कहानी' जो भारतीय राजनीति की किताब में हमेशा के लिए दर्ज हो गई

नयी दिल्ली, **एजेंसी** । इटली के एक गांव ओवासान्यो में स्टेफानो मेनो नाम के एक शख्स थे। वे मिस्त्री का काम करते थे। स्टेफानो मेनो के घर 9 दिसंबर 1946 को एक बेटी का जन्म हुआ। इसका नाम रखा गया था एंटोनिया एडविजे अल्बिना माइनो। भारत में यही माइनो अब सोनिया गांधी के नाम से जानी जाती हैं और देश के सबसे बडे राजनीतिक घराने का हिस्सा हैं। आज सोनिया गांधी 77 साल की हो गई हैं। जानते हैं उनके और राजीव की लव स्टोरी के बारे में! प्यार की कोई संस्कृति, सरहद, नस्ल और कोई मजहब नहीं होता। वे इन सब से पार होकर अपनी जगह बना लेता है। इटली की एक ऐसी ही प्रेम कहानी है। यह कहानी इटली के एक छोटे से शहर की लड़की से शुरू होती है और भारत की गलियों में भी गूंजती है। यह कोई मामूली प्रेम कहानी नहीं थी। जिन दो देशों से यह कहानी जुड़ी है, वहां के लोग इसे एक परीकथा की तरह देखते हैं। कई नौजवान लड़कियों के लिए यह कहानी किसी ख्वाब से कम नहीं। लेकिन यह भी एक दुर्भाग्य है कि इतनी हसीन प्रेम कथाओं का अंत भी बेहद दुखद हो सकता है।

इटली से भारत तक चर्चा में आने वाली इस प्रेम कहानी की शुरुआत होती है 1956 में लंदन की एक शाम से। एक बेहद खूबसूरत, रईस खानदान के एक नौजवान लड़के को इटली की यह गोल्डन हेयर बाला नजर आती है और जैसे कि कहा जाता है रेस्ट इज हिस्ट्री जी, हां। इसके बाद यह प्रेम इतिहास ही हो गया। दरअसल, 1965 का साल था और इस साल के किसी महीने में भारत के सबसे बड़े राजनीतिक घराने के वारिस राजीव गांधी को एक शाम सोनिया गांधी नजर आती हैं। इस नजर के साथ ही दो देशों के इतिहास में सबसे चर्चित प्रेम कहानी दर्ज हो जाती है।



**प्रेम कहानी के दो किरदार :** एक प्रेम कहानी का एक किरदार हैं राजीव गांधी, जो न सिर्फ भारत की सबसे सशक्त प्रधानमंत्री के बेटे हैं, बल्कि आगे चलकर खुद भी भारत के प्रधानमंत्री बनते हैं। दूसरी किरदार हैं इटली के एक छोटे से शहर की लड़की सोनिया गांधी जिनका पहला नाम सोनिया माइनो था, सोनिया न सिर्फ भारत बहू बनी बल्कि वो यूपीए की अध्यक्ष बनीं और यहां तक कि पीएम के पद के बेहद करीब भी पहुंची, हालांकि कुछ राजनीतिक समीकरणों या कारणों से वो पीएम नहीं बन सकीं।

बहरहाल, तमाम सियासत और सियासत के स्याह पक्ष के इतर राजीव और सोनिया को लोग उनके बीच के प्रेम के लिए भी याद रखते हैं। दिलचस्प तो यह है कि सोनिया और राजीव गांधी की प्रेमकथा इटली के ज्यादातर लोगों के लिए अब भी परी कथा सरीखी है। क्योंकि इटली में सादगी भरे जीवन की शुरुआत करने वाली सोनिया भारत आकर यहां की संस्कृति में इतना रच बस गईं कि यहीं की होकर रह गईं, बावजूद इसके कि उनके पति राजीव की कई सालों पहले राजनीतिक हत्या हो चुकी है और वे अब भी भारत में अकेली रह रहीं हैं।

**रिश्वत की मदद से मुलाकात :** मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राजीव गांधी ने अपने दोस्त और रेस्त्रां के मालिक चार्ल्स एंटोनी को इस बात के लिए रिश्वत दी थी ताकि वे सानिया के करीब रह सके। इसके बाद सोनिया के लिए राजीव ने पेपर नैपकिन में एक कविता लिखी और बेस्ट वाइन भेजी जो चार्ल्स के जरिए सोनिया तक पहुंचाई गई।

**जब सोनिया से मिलने पहुंची इंदिरा गांधी :** राजीव गांधी और सोनिया गांधी एक दूसरे के इतने प्यार में थे कि राजीव गांधी ने इसके बारे में अपनी मां को बता दिया। ये बात थी 1965 की। इंदिरा गांधी सोनिया से मिलने लंदन पहुंच गईं। वैसे तो राजीव के परिवार में इस रिश्ते की सहमति थी, लेकिन सोनिया के पिता को इससे थोड़ी दिक्कत थी। उनका मानना था कि उनकी बेटी राजनीतिक परिवार में जाएगी तो ये गलत होगा। हालांकि बाद में सबकुछ ठीक हो गया।

**शादी से पहले बच्चन के घर में रहीं सोनिया :** राजीव गांधी 1967 में भारत वापस आए और उन्होंने 1968 को सोनिया गांधी को भी भारत बुलवा लिया गया। उन्हें तेजी बच्चन के घर रखा गया, जो अमिताभ बच्चन की मां और हरिवंशराय बच्चन की पत्नी थीं। राजीव गांधी परिवार और बच्चन परिवार की बहुत गहरी दोस्ती थी। हरिवंश राय बच्चन ने ही राजीव के पिता की भूमिका निभाई और दोनों की शादी 25 फरवरी 1968 को हो गई। 1970 जून में राहुल गांधी का जन्म हुआ और 1972 जनवरी में प्रियंका गांधी का।

**भारत की हो गई सोनिया :** राजीव गांधी की हत्या के बाद सोनिया गांधी के पास दो ही विकल्प थे। या तो वो अपने परिवार की विरासत छोड़कर अपने बच्चों को लेकर इटली वापस चली जाएं या फिर वो टूटती हुई कांग्रेस को सहारा दें। दरअसल, राजीव गांधी की हत्या के बाद 1997-98 में कांग्रेस के बंटवारे की नौबत आ गई थी, लेकिन शायद यह प्यार ही था कि जिसकी ताकत की वजह से सोनिया गांधी ने देश के सबसे बड़े घराने की राजनीतिक विरासत की कमान संभाली और कांग्रेस को जिंदा रखा।

# चुनाव जीतने से पहले दिल जीतना जरूरी: पीएम मोदी

नई दिल्ली, **एजेंसी** । प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को कहा कि चुनाव जीतने से पहले लोगों का दिल जीतना जरूरी है और लोगों की बुद्धिमता को कम आंकना सही नहीं है। उन्होंने 'विकसित भारत संकल्प यात्रा' के लाभार्थियों से बातचीत के बाद कहा कि हालिया विधानसभा चुनाव के नतीजों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि 'मोदी की गारंटी' में दम है और कुछ राजनीतिक दल यह नहीं समझते कि 'झूठी घोषणाएं' करने से उन्हें कुछ हासिल नहीं होगा।

प्रधानमंत्री ने विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए यह भी कहा कि अगर उन्होंने स्वार्थ के बजाय सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव, मुसीबतों व तकलीफों में नहीं रहती।

उन्होंने कहा कि हमारी सरकार माई-बाप सरकार नहीं है, बल्कि माता-पिता की सेवा करने वाली सरकार है। जिस तरह एक बच्चा अपने माता-पिता की सेवा करता है, उसी तरह यह मोदी आपकी सेवा के लिए काम करता है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी गरीबों, वंचितों की परवाह करता है, जिनकी किसी को परवाह नहीं थी। जिनके लिए कार्यालयों के दरवाजे बंद कर दिए गए थे, मोदी न केवल उनकी देखभाल करता है, बल्कि वह उनकी पूजा करता है। मेरे लिए हर गरीब वीआईपी है, हर मां, बेटी, बहन वीआईपी है, हर किसान वीआईपी है, हर युवा वीआईपी है।

मोदी ने कहा कि कुछ राजनीतिक दलों को समझ नहीं आ रहा है कि वे झूठी घोषणाएं करके कुछ हासिल नहीं कर पाएंगे। चुनाव लोगों के बीच जाकर जीते जाते हैं, सोशल मीडिया पर नहीं।

अगर विपक्षी दलों ने राजनीतिक स्वार्थ के बजाये सेवाभाव को सर्वोपरि रखा होता, सेवाभाव को ही अपना काम समझा होता तो देश की बहुत बड़ी आबादी अभाव में, मुसीबतों में, तकलीफों न रहती।

प्रधानमंत्री ने कहा कि 'मोदी की गारंटी' वाली गाड़ी पहुंचने के बाद लगभग एक लाख नए लाभार्थियों ने उज्ज्वला योजना के तहत मुफ्त गैस कनेक्शन के लिए आवेदन किया है। इस यात्रा के दौरान मौके पर ही 35 लाख से अधिक आयुष्मान कार्ड भी दिए गए हैं।

उन्होंने कहा कि सरकार की लगातार कोशिश है कि जब मोदी की गारंटी वाली गाड़ी पहुंचे तो गांव का हर एक व्यक्ति उस गाड़ी तक जरूर पहुंचना चाहिए, तभी हर लाभार्थी तक पहुंचा जा सकेगा।

प्रधानमंत्री ने कहा कि मोदी की गारंटी वाली गाड़ी को लेकर जो उत्साह गांव-गांव में दिख रहा है वह अपने आप में अद्भुत है। उन्होंने कहा कि देश भर के गांवों में करोड़ों परिवारों को केंद्र सरकार की किसी न किसी योजना का लाभ जरूर मिला है। जब यह लाभ मिलता है तो एक विश्वास बढ़ता है। जिंदगी जीने की एक नई ताकत आ जाती है।

# शिवराज से मिली समीना बी
## बीजेपी को वोट देने पर हुई थी प्रताड़ित



भोपाल, **एजेंसी** । मध्य प्रदेश के सीहोर जिले में भाजपा को वोट देने पर परिवार के सदस्यों द्वारा प्रताड़ित लाड़ली बहना समीना बी ने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से आज मुलाकात की। भाजपा को वोट देने पर परिवार के सदस्यों ने समीना को प्रताड़ित किया था, इतना ही नहीं महिला की उसके देवर ने पिटाई भी की थी।

खबरों के अनुसार, सीहोर जिले में भाजपा को वोट देने पर परिवार के सदस्यों द्वारा लाड़ली बहना समीना को प्रताड़ित किए जाने की जानकारी जब मुख्यमंत्री शिवराज को मिली तो उन्?होंने उसे अपने आवास बुलाकर चर्चा की। उसका हाल जाना और उसे सुरक्षा और सम्मान देने को लेकर आश्वस्त किया।

मुलाकात के दौरान समीना बी ने अपने साथ हुई मारपीट की घटना की पूरी जानकारी मुख्यमंत्री शिवराज को दी। समीना बी ने बताया कि भैया आपने मेरे और मेरे परिवार की चिंता की है, इसलिए मैं आगे भी भाजपा को वोट दूंगी। गौरतलब है कि समीना भाजपा को वोट दिया था, जिसके कारण उसके देवर ने उसकी पिटाई कर दी थी। समीना बी विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद 4 दिसंबर को वह अपने बच्चों के साथ भाजपा की जीत का जश्न मना रही थी, तभी उसके देवर जावेद ने लाठी-डंडों से उसकी पिटाई कर दी थी। उसका देवर जावेद भाजपा को वोट देने से नाराज था।

## संक्षिप्त खबर

### शाह ने बच्चों संग खेला शतरंज
### कहा- अच्छी चाल के लिए समझौता न करें

नयी दिल्ली, **एजेंसी** । मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के बाद भाजपा नेताओं का उत्साह चरम पर है। इस बीच केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का एक पोस्ट सोशल मीडिया पर काफी वायरल हो रहा है, जिसमें वो सीख दे रहे हैं कि अच्छी चाल के लिए समझौता न करें। पूर्व भाजपा अध्यक्ष अमित शाह ने सोशल



मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर साझा की। इसमें वह दो छोटी बच्चियों के साथ शतरंज खेलते नजर आ रहे हैं। उन्होंने इस तस्वीर के साथ ही लिखा कि एक अच्छी चाल के लिए समझौता न करें, बल्कि हमेशा बेहतर की तलाश करें। उल्लेखनीय है कि अमित शाह ने हाल ही में हुए 5 राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा के लिए चुनावी रणनीति तैयार की थी। उन्होंने मध्यप्रदेश में डेरा डालते हुए राजस्थान और छत्तीसगढ़ में अपनी चुनावी चालों से कांग्रेस को चित्त कर दिया। इस बीच किसान नेता राकेश टिकैत ने भविष्यवाणी की है कि 2024 में पहले नरेंद्र मोदी और फिर अमित शाह प्रधानमंत्री बनेंगे। उन्होंने कहा कि बीच में वह पद छोड़कर राष्ट्रपति बन जाएंगे। फिर उनकी जगह अमित शाह प्रधानमंत्री की गद्दी संभालेंगे। इसके साथ ही यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ देश के गृहमंत्री बन जाएंगे।

### दानिश अली बसपा से सस्पेंड
### मायावती ने पार्टी से किया निलंबित

लखनऊ, **एजेंसी** । बहुजन समाज पार्टी ने सांसद दानिश अली को पार्टी से निलंबित कर दिया है। पार्टी विरो ?धी गति ?विधियों के चलते पार्टी ने दानिश अली को सस्पेंड किया है। दानिश अली कुछ समय भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी द्वारा अभद्र टिप्पणी के चलते सुर्खियों में आए थे। बसपा अध्यक्ष मायावती ने सांसद दानिश अली को सस्पेंड किया है। मीडिया खबरों में बताया जा रहा है कि दानिश अली कुछ दिन पहले राहुल गांधी से मिले थे। पार्टी विरोधी और कांग्रेस से करीबी के कारण उन्हें सस्पेंड किया गया है।

### मधुमक्खी निगलने से युवक की मौत

भोपाल, **एजेंसी** । मध्य प्रदेश के भोपाल में 22 वर्षीय एक व्यक्ति की पानी पीते समय गलती से मधुमक्खी निगलने और उसके बाद जीभ और भोजन नली में मधुमक्खी के काट लेने से मौत हो गई। हालांकि इलाज के दौरान पीड़ति व्यक्ति ने उल्टी कर मृत मधुमक्खी को निकाल दिया था। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस निरीक्षक नरेंद्र कुलस्ते ने बताया कि बुधवार रात जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर बैरसिया इलाके में मजदूर हिरेंद्र सिंह ने अपने घर में एक गिलास पानी पीते समय गलती से मधुमक्खी को निगल लिया। कुलस्ते ने बताया कि सिंह ने सांस लेने में तकलीफ और बेचैनी की शिकायत की क्योंकि उनकी भोजन नली में सूजन थी और उसे सरकारी अस्पताल ले जाया गया। उनके अनुसार जब उनकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो उन्हें एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां गुरुवार देर रात करीब एक बजे उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि इलाज के दौरान पीड़ति व्यक्ति ने उल्टी कर मृत मधुमक्खी को निकाल दिया।

# 76% रेटिंग के साथ एक बार फिर दुनिया के सबसे लोकप्रिय नेता बने पीएम मोदी

नयी दिल्ली, । प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 76 फिसदी रेटिंग के साथ एक बार फिर से दुनिया के सबसे लोकप्रिय राजनेता बने हैं। अमेरिका स्थित कंसल्टेंसी फर्म मॉर्निंग कंसल्ट ने ये आकड़ा जारी किया है।अमेरिका स्थित कंसल्टेंसी फर्म के ग्लोबल लीडर अप्रूवल रेटिंग ट्रैकर के मुताबिक, भारत में 76 फीसद लोग प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व को स्वीकार करते हैं, जबकि 18 फीसद लोग इससे सहमत नहीं हैं। वहीं, छह फीसद लोगों ने इस पर कोई प्रतिक्रिया नहीं दी। वहीं, इस लिस्ट में अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो और इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मैलोनी का भी नाम है। पीएम मोदी ने सबको छोड़ा पीछे

मोर्निंग कंसल्ट की रेटिंग में पीएम मोदी के बाद दूसरे नंबर पर 66 फीसदी की अप्रूवल रेटिंग के साथ मैक्सिको के राष्ट्रपति आंद्रेज मैनुएल लोपेज ओब्राडोर है। वहीं तीसरे नंबर



पर रहे स्विट्जरलैंड के राष्ट्रपति एलेन बर्सेट को 58 फिसदी अप्रूवल रेटिंग मिली है। साथ ही चौथे नंबर पर ब्राजील के राष्ट्रपति लूला डी सिल्वा को 49 परसेंट रेटिंग मिली है। पांचवे नंबर पर 47 प्रतिशत रेटिंग के साथ ऑस्ट्रेलिया के पीएम एंथनी अल्बनीज है।

**जॉर्जिया मेलोनी को मिला छठा स्थान-** बता दें कि 29 नवंबर से 5 दिसंबर के बीच इकठ्ठा किए गए आंकड़ों के मुताबिक यह सूची तैयार की गई है। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन सूची में आठवें स्थान पर हैं। वहीं, इटली की प्रधानमंत्री जार्जिया मेलोनी 41 फीसद अप्रूवल रेटिंग के साथ छठें स्थान पर हैं। वहीं, बेल्जियम के प्रधानमंत्री अलेक्जेंडर डी क्रू 37 फीसद अप्रूवल रेटिंग के साथ सातवें, अमरीकी राष्ट्रपति जो बाइडन भी 37 फीसद अप्रूवल रेटिंग के साथ आठवें, स्पेन के प्रधानमंत्री पेड्रो सांचेज 37 फीसद अप्रूवल रेटिंग के साथ नौंवे और आयरलैंड के पीएम लियो वरादकर 36 फिसदी अप्रूवल रेटिंग के साथ 10 वें नंबर पर हैं।

# तीन राज्यों के सीएम पर सस्पेंस बरकरार, कल होगा अंतिम फैसला

नयी दिल्ली, **एजेंसी** । मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ के चुनाव परिणामों को 6 दिन से भी ज्यादा वक्त हो चुका है, लेकिन भाजपा इन राज्यों में मुख?यमंत्री पद का चेहरा तय नहीं कर पाई है। मध्यप्रदेश और राजस्थान में सोमवार को विधायक दल की बैठक होगी। छत्तीसगढ़ में विधायक दल की बैठक रविवार को होगी। माना जा रहा है कि सोमवार तक तीनों राज्यों के मुख?यमंत्रियों के नाम फाइनल हो जाएंगे। कहा जा रहा है कि भाजपा ऐसे समय में कम से कम एक महिला मुख्यमंत्री को चुनना चाहेगी, जब प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भाजपा के लिए महिला मतदाताओं के समर्थन को लगातार रेखांकित कर रहे हैं।

राजस्थान में जहां पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे अड़ी हुई हैं, वहीं मध्य प्रदेश में शिवराज इमोशनल दांव चलकर अपना दावा मजबूती से पेश कर रहे हैं। ऐसे में पार्टी के लिए ये दो राज्य मुश्किल का सबब बने हुए हैं। हालांकि हाईकमान ने राजस्थान का मसला सुलझाने का जिम्मा रक्षामंत्री राजनाथ को सौंपा है। संभव वे हाईकमान की मंशा के अनुरूप वसुंधरा को मना लें। भाजपा ने रक्षामंत्री राजनाथ सिंह, हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और जनजातीय मामलों के मंत्री अर्जुन मुंडा को क्रमश: राजस्थान, मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ में पार्टी विधायक दल के नेता के चयन के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया है। राजस्थान में राजनाथ के अलावा राज्यसभा सदस्य सरोज पांडे और पार्टी महासचिव विनोद तावड़े को केंद्रीय पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। भाजपा के भीतर इस बात की चर्चा है वसुंधरा जगह किसी नए चेहरे को राज्य की कमान सौंप सकती है।

इस बीच, बालकनाथ योगी जेपी नड्डा और अमित शाह से भी मुलाकात कर चुके हैं। ऐसे में उनका दावा मजबूत माना जा रहा है। गजेन्द्रसिंह शेखावत, दीया कुमारी, रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव भी इस दौड़ में शामिल हैं। जबकि मुंडा के साथ केंद्रीय मंत्री सर्बानंद सोनोवाल और भाजपा महासचिव दुष्यंत कुमार गौतम छत्तीसगढ़ के लिए केंद्रीय पर्यवेक्षक होंगे। पिछले दिनों संपन्न पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में भाजपा ने मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ में जीत दर्ज की थी। पार्टी ने इन चुनावों में मुख्यमंत्री पद के चेहरे की घोषणा नहीं की थी।

मध्य प्रदेश में जहां भाजपा ने दो-तिहाई बहुमत के साथ बड़ी जीत हासिल की, वहां वर्तमान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान का दावा सबसे मजबूत और स्वाभाविक माना जा रहा है। शिवराज के अलावा यहां प्रह्लाद पटेल, नरेन्द्र सिंह तोमर और ज्योतिरादित्य सिंधिया का नाम भी चर्चा में है। भाजपा 18 साल से राज्य की सत्ता में है। इसलिए पार्टी के भीतर राज्य में किसी नए चेहरे पर दांव लगाने का विचार है। मप्र में हरियाणा के सीएम मनोहर खट्टर के साथ पार्टी ओबीसी मोर्चा के प्रमुख के. लक्ष्मण और राष्ट्रीय सचिव आशा लकड़ा पर्यवेक्षक बनाया गया है।

## राम मंदिर के गर्भगृह की तस्वीर आई सामने

नई दिल्ली, **एजेंसी** । अयोध्या में राम मंदिर के मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा से पूर्व गर्भगृह का काम जोर-शोर से जारी है. इस बीच गर्भगृह की पहली तस्वीर भी सामने आ गई है, जिसमें भव्य गर्भगृह की दीवारों और गुंबद पर खूबसूरत



नक्काशी नजर आ रही है. मंदिर ट्रस्ट के पदाधिकारियों ने यह तस्वीर जारी की है. अयोध्या में राम मंदिर का भव्य उद्घाटन समारोह अगले साल 22 जनवरी 2024 को होना है. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित करीब सात हजार लोगों को प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आमंत्रित किया गया है. श्रीरामजन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने अयोध्या में बन रहे राम मंदिर के गर्भगृह की तस्वीर शेयर की है.

# तेलंगाना के जिस नेता ने दी थी '15 मिनट वाली' धमकी बीजेपी विधायकों ने उसके सामने शपथ लेने से किया इंकार

हैदराबाद, **एजेंसी** । तेलंगाना विधानसभा के नवनिर्वाचित भाजपा विधायकों ने शनिवार को एआईएमआईएम विधायक अकबरुद्दीन औवेसी को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने के विरोध में पहले दिन तेलंगाना विधानसभा में नहीं आये। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी द्वारा लिए गए निर्णय के बाद भगवा पार्टी के सभी आठ विधायकों ने कार्यवाही का बहिष्कार किया।

जी. किशन रेड्डी ने भाजपा कार्यालय में मीडियाकर्मियों से कहा कि हमने 8 सीटें जीती हैं और राज्य में 14त्न वोट प्रतिशत तक पहुंच गए है। हमेशा से एक वरिष्ठ नेता को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त करने की एक परंपरा रही है। लेकिन कांग्रेस सरकार ने ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) के साथ एक गुप्त समझौते के तहत अकबरुद्दीन ओवैसी को प्रोटेम स्पीकर नियुक्त किया है।

चूंकि कांग्रेस के पास विधानसभा में मामूली बहुमत है और सरकार कभी भी गिर सकती है, इसलिए उसने एआईएमआईएम से हाथ मिलाया है। हम मांग करते हैं कि विधानसभा अध्यक्ष का चुनाव इस प्रोटेम स्पीकर के साथ नहीं होना चाहिए। हम यही बात राज्य के राज्यपाल को भी बताएंगे। वहीं, विधायक टी राजा सिंह ने साफ कहा है कि हम अकबरुद्दीन ओवैसी के सामने शपथ नहीं लेंगे।

टी. राजा सिंह ने शपथ लेने से इनकार कर दिया

टी. राजा सिंह पहले भाजपा विधायक थे जिन्होंने अकबरुद्दीन ओवैसी के सामने शपथ लेने से इनकार कर दिया था। पिछली विधानसभा में भी उन्होंने प्रोटेम स्पीकर रहे एआईएमआईएम के मुमताज अहमद खान के सामने शपथ लेने से इनकार कर दिया था। भाजपा के सभी आठ विधायक सुबह भाजपा कार्यालय में एकत्र हुए। किशन रेड्डी ने उनका अभिनंदन किया। पार्टी विधायकों के सदन में शामिल होने के फैसले का विरोध करते हुए राजा सिंह गुस्से में पार्टी कार्यालय से चले गये। ऐतिहासिक चारमीनार में मंदिर की यात्रा के दौरान वह उनके साथ नहीं थे।

# महिला के रूप में हुआ जन्म...49 साल बाद बना पुरुष...अब बहन की सहेली से की शादी

इंदौर, **एजेंसी** । महिला के रूप में जन्मे 49 वर्षीय व्यक्ति ने लिंग पुष्टिकरण सर्जरी कराने के बाद अपनी बहन की सहेली के साथ शादी रचाई है। इस जोड़े ने प्रशासन से विवाह पंजीकरण का प्रमाणपत्र भी हासिल किया है। देश में एलजीबीटीक्यूआईए+ समुदाय को लेकर जागरूकता बढ़ने के बीच यह अनूठी शादी खूब सुर्खियां बटोर रही है। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि दो साल पहले लिंग पुष्टिकरण सर्जरी कराने वाले अस्तित्व (49) ने आस्था नाम की महिला से शादी के पंजीकरण की प्रक्रिया के दौरान वर के रूप में आवेदन किया। अतिरिक्त जिलाधिकारी (एडीएम) रोशन राय ने बताया कि अस्तित्व ने अपने विवाह के पंजीकरण के आवेदन के साथ जरूरी मेडिकल प्रमाणपत्र एवं अन्य दस्तावेज भी प्रशासन के सामने प्रस्तुत किए।

एडीएम ने कहा कि विवाह इस जोड़े की आपसी रजामंदी से हुआ और इसके खिलाफ किसी भी व्यक्ति ने प्रशासन के सामने कोई आपत्ति दायर नहीं की, नतीजतन तय प्रक्रिया के तहत उनके नाम विशेष विवाह अधिनियम के तहत शादी के पंजीकरण का प्रमाण पत्र जारी किया गया। इस बीच, अस्तित्व और आस्था की शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर तेजी से फैल रही हैं। इनमें से एक तस्वीर में विवाह के बाद घर पहुंचे वर-वधू का उनके परिजन आरती उतारकर ढोल की थाप पर स्वागत करते नजर आ रहे हैं।

अस्तित्व, पेशे से प्रॉपर्टी कारोबारी हैं। उनका कहना है कि एक महिला के रूप में खुद को सहज महसूस नहीं करने के कारण उन्होंने मुंबई के एक अस्पताल में अपने 47वें जन्मदिन पर लिंग पुष्टिकरण सर्जरी कराई। सर्जरी से पहले उनका नाम अलका था। अस्तित्व ने बताया कि उनकी जीवनसंगिनी का असली नाम ऋतु है और उन्होंने प्रेम से उन्हें आस्था नाम दिया है। उन्होंने कहा, "आस्था नाम के काल्पनिक पात्र का मुझे हमेशा अहसास रहा है। मैं सोचता था कि मैं जब भी शादी करूंगा, अपनी जीवन संगिनी का नाम आस्था ही रखूंगा। जीवनसंगिनी के रूप में आस्था को अपने जीवन में देखकर मुझे जो खुशी हो रही है, वह शब्दों में बयान नहीं की जा सकती है।

# भारतीय महिला ने बनाया लंबे बालों का विश्व रिकॉर्ड

नयी दिल्ली, **एजेंसी** लंबे बाल रखना न तो आसान है और न सुविधाजनक। तब भी लंबे बाल रखने का जितना शौक भारत में है, उतना पूरी दुनिया में शायद कहीं नहीं है। उत्तर प्रदेश की स्मिता श्रीवास्तव ने किसी जीवित व्यक्ति के सबसे लंबे बालों का विश्व रिकॉर्ड बनाया है। उनके बालों की अविश्वसनीय लंबाई 236.22 सेंटीमीटर (7 फीट 9 इंच) है। 46 वर्षीय स्मिता अपनी मां की और 1980 के दशक की हिन्दी फिल्म अभिनेत्रियों के बालों की शैली से प्रेरित होकर 14 साल की उम्र से अपने बाल बढ़ाती रही हैं। भारतीय संस्कृति में लंबे बालों को पारंपरिक रूप से देवी-देवताओं से जोड़ा जाता है और सुंदरता का प्रतीक भी माना जाता है।

**सप्ताह में 2 बार अपने बाल धोती हैं :** बालों की देखभाल की अपनी दिनचर्या में स्मिता सप्ताह में 2 बार अपने बाल धोती हैं। इस प्रक्रिया में बालों को धोना, सुखाना, सुलझाना और स्टाइल करना शामिल है। इसमें हर बार उन्हें 3 घंटे तक का समय लगता है। बालों को धोने में वे 30-45 मिनट लगाती हैं, फिर तौलिये से सुखाती हैं और हाथ से सुलझाने में भी लगभग 2 घंटे लगाती हैं।





**झड़े हुए बालों को भी इकट्ठा करती हैं :** एक बार अपने बाल झड़ने से चिंतित होकर उन्होंने झड़े हुए बालों को भी इकट्ठा करना शुरू कर दिया था। इस तरह पिछले 20 वर्षों से स्मिता अपने खोए हुए बालों को भी इकट्ठा कर रही हैं।

खोए हुए बालों को स्मिता प्लास्टिक बैग में संभालकर रखती हैं, कभी फेंकती नहीं। उनके बाल उनके कद की अपेक्षा इतने अधिक लंबे हैं कि जब वे चलती हैं तो कभी-कभी उनके बाल उनके पैरों तले फंस जाने से टूट जाते हैं। तब वे उन टूटे हुए बालों को भी इकट्ठा कर लेती हैं।

**गर्भावस्था में बाल 1 फुट छोटे कर लिए थे :** लंबे बालों की शौकीन स्मिता ने गर्भावस्था में बीमारी के दौरान एक बार अपने बाल लगभग 1 फुट छोटे कर लिए थे। आज उनका कहना है कि जब लोग उनके लंबे बाल देखते हैं तो आश्चर्यचकित रह जाते हैं। उनके बालों को अक्सर छूते हैं, तस्वीरें लेते हैं और पूछते हैं कि बालों को स्वस्थ रखने और लंबा करने के लिए वे क्या चीजें इस्तेमाल करती हैं? दूसरों को स्वस्थ बाल पाने के लिए प्रेरित करने की उम्मीद से वे अपने बालों की देखभाल वाली सारी दिनचर्या उनसे साझा करती हैं।

**सपना सच हुआ :** गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स का खिताब अपने नाम करने का सपना पूरा होने से बेहद खुश स्मिता ने अपने बालों की देखभाल जारी रखने का दृढ़ निश्चय कर रखा है। वे कहती हैं, मैं अपने बाल कभी नहीं कटवाऊंगी, क्योंकि मेरी जान मेरे बालों में ही है। अब वे यह देखना चाहती हैं कि विश्व कीर्तिमान बने अपने लंबे, घने, स्वस्थ और सुंदर बालों को वे कितने समय तक इसी तरह बनाए रख पाती हैं?

### वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा भारत-इंग्लैंड दूसरा टी20 मैच

# आज हारे तो इंग्लैंड से लगातार छठी टी20 सीरीज गंवाएगी भारतीय महिला टीम





एजेंसी ॥ मुंबई

भारतीय महिला क्रिकेट टीम को इंग्लैंड के खिलाफ शनिवार को होने वाले दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में हार हाल में जीत हासिल करनी होगी। पहला मैच 38 रन से हारने के बाद 0-1 से पिछली हरमनप्रीत कौर की टीम को सीरीज में बने रहने के लिए जीतना होगा। भारतीय टीम वानखेड़े स्टेडियम पर अगर दूसरा टी-20 भी हारती है तो यह उसकी इंग्लैंड के हाथों लगातार छठी टी-20 सीरीज में हार होगी। महिला टीम इंग्लैंड से कभी भी तीन मैचों की टी20 सीरीज नहीं जीती है। 2006 में भारत ने इंग्लैंड को एकमात्र मैच में 1-0 से हराया था। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7 बजे शुरू होगा।

नए कोच अमोल मजूमदार और कप्तान हरमनप्रीत कौर ने पहले टी20 में स्पिनर श्रेयंका पाटिल (2/44) और साइका इशाक (1/38) को मौका दिया था, लेकिन दोनों ही प्रभावित नहीं कर सकीं। भारतीय क्षेत्ररक्षण भी बेहद दयनीय रहा। 138 रन की साझेदारी कर भारत को मुकाबले बाहर करने

#### सीरीज में बने रहने के लिए हर हाल में जीतना होगा मैच

वाली डैनी वायट (75) और प्लेयर ऑफ द मैच नेट शिवर ब्रंट (77) दोनों को जीवनदान दिए गए। भारतीय क्षेत्ररक्षण भी अच्छा नहीं रहा। यहां तक मेजबान होने के बावजूद भारतीय टीम प्रबंधन वानखेड़े की परिस्थितियों को नहीं समझ पाया। हरमनप्रीत ने टॉस जीतकर इंग्लैंड को बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया था। पहले सत्र में पिच ने बल्लेबाजों का खूब साथ दिया, जबकि दूसरे सत्र में स्पिनर सोफी एक्लेस्टन (3/15) और साराह ग्लेन (1/25) ने भारतीय बल्लेबाजों की कमर तोड़ दी। पहले मैच में भारतीय टीम का सकारात्मक पक्ष रेणुका सिंह ठाकुर की गेंदबाजी रही। उन्होंने 27 रन देकर तीन विकेट लिए। साथ ही मैच के पहले ही ओवर में दो लगातार गेंदों पर दो विकेट भी लिए। उनके अलावा गेंदबाजी में अन्य कोई प्रभावित नहीं कर सका। जिसका नतीजा यह निकला कि इंग्लैंड ने छह विकेट पर 197 रन का बड़ा स्कोर बना लिया। टीम प्रबंधन को ऑफ स्पिनर श्रेयंका और बाएं हाथ की स्पिनर साइका से काफी उम्मीदें थीं, लेकिन दोनों की गेंदबाजी दिशाहीन रही। साइका ने महत्वपूर्ण मौकों पर फुलटॉस गेंदें फेंककर इंग्लैंड का काम आसान किया। बल्लेबाजी में शैफाली वर्मा (52) और हरमनप्रीत (26) ही प्रभावित कर पाईं। शैफाली कह चुकी हैं कि टीम दूसरे मैच में वापसी करेगी, लेकिन इंग्लैंड की टीम भारत में बेहद मजबूत है। यह उसका रिकॉर्ड भी बताता है। इंग्लैंड ने भारत में 10 में से आठ मैच जीते हैं। साथ ही भारत के खिलाफ 28 टी20 मैचों में उसने 21 में जीत हासिल की है। वहीं भारत ने घर में 16 टी20 सीरीज खेली हैं, जिसमें उसे सिर्फ चार में जीत हासिल हुई है। जीतने के लिए शीर्ष क्रम को चलना होगा पुरुष टीम की तरह महिला टीम की भी निर्भरता शीर्ष क्रम पर है। पहले मैच में स्मृति मंधाना और जेमिमा रोड्रिग्स सस्ते में आउट हो गईं, जिसका टीम को नुकसान उठाना पड़ा। भारत को अगर दूसरा मैच में वापसी करनी है तो शीर्ष क्रम को बड़ा योगदान देना होगा।

#### दोनों टीमों की संभावित प्लेइंग-11

» भारतः स्मृति मंधाना, शैफाली वर्मा, जेमिमा रॉड्रिग्स, हरमनप्रीत कौर (कप्तान), दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), श्रेयंका पाटिल/मिन्नू मणि, कनिका आहूजा, पूजा वस्त्राकर, रेणुका ठाकुर सिंह, साइका इशाक।

» इंग्लैंडः डेनियल वायट, सोफिया डंकले, एलिस कैप्सी, नेट शिवर-ब्रंट, हीदर नाइट (कप्तान), एमी जोन्स (विकेटकीपर), फ्रेया केम्प, सोफी एक्लेस्टोन, सारा ग्लेन, लॉरेन बेल, माहिका गौर।

#### तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी भारत के खिलाफ टी-20 सीरीज से बाहर, ब्यूरेन हेंड्रिक्स टीम में शामिल

साउथ अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी चोट की वजह से भारत के खिलाफ रविवार से शुरू हो रही 3 टी-20 मैचों की सीरीज से बाहर हो गए हैं। क्रिकेट साउथ अफ्रीका के एक बयान में कहा गया है कि 27 साल के खिलाड़ी को टीम से रिलीज कर दिया गया है। एनगिडी अपने घरेलू टीम के पास लौट गए हैं, हालांकि, साउथ अफ्रीका की मेडिकल टीम निगरानी में रिहैब करेंगे। एनगिडी की जगह तेज गेंदबाज ब्यूरेन हेंड्रिक्स को शामिल किया गया है। 33 साल के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेंड्रिक्स ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपना पिछला मैच 2021 में टी-20 फॉर्मेट में ही खेला था। वे 19 टी-20 इंटरनेशनल में 25 विकेट ले चुके हैं। लुंगी एनगिडी वनडे वर्ल्ड कप के दौरान चोटिल हो गए थे। उनके बाएं टखने में मोच थी। जिसकी वजह से वह कोलकाता में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ खेले गए सेमीफाइनल मुकाबले में भी वह नहीं खेल सके थे।

### भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलियाई टीम घोषित

# मेग लैनिंग के बाद एलिसा हीली को मिली ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कमान

एजेंसी ॥ सिडनी



ऑलराउंडर ताहिला मैक्ग्रा को सौंपा उपकप्तानी का जिम्मा

ऑस्ट्रेलिया ने विकेटकीपर बल्लेबाज और मिचेल स्टार्क की पत्नी एलिसा हीली को ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम में तीनों प्रारूप का नया कप्तान बनाया है। वहीं, ऑलराउंडर ताहिला मैक्ग्रा को उपकप्तान बनाया गया है।

भारतीय महिला टीम फिलहाल इंग्लैंड के खिलाफ द्विपक्षीय सीरीज में व्यस्त है। तीन टी20 मैचों के अलावा दोनों टीमें एक टेस्ट भी खेलेगी। इसके बाद भी भारतीय टीम का शेड्यूल काफी व्यस्त रहने वाला है। इंग्लैंड के बाद ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम भारत का दौरा करेगी। इस दौरान दोनों टीमों के बीच एक टेस्ट, तीन वनडे और तीन टी20 मैच खेले जाएंगे। इस दौरे के लिए क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम का एलान कर दिया है। ऑस्ट्रेलिया की सबसे सफल कप्तान और स्टार बल्लेबाज मेग लैनिंग ने पिछले महीने ही अंतरराष्ट्रीय संन्यास लिया था। ऐसे में क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने नए कप्तान का एलान किया है।

#### भारत दौरे के लिए ऑस्ट्रेलिया की टीम

» डार्सी ब्राउन, लॉरेन चीटल (सिर्फ टेस्ट), हीदर ग्राहम, एश्ले गार्डनर, किम गर्थ, ग्रेस हैरिस (सिर्फ टी20), एलिसा हीली, जेस जोनासेन, अलाना किंग, फोबे लिचफील्ड, ताहिला मैक्ग्रा, बेथ मूनी, एलिस पेरी, मेगन शुट्ट, एनाबेल सदरलैंड, जॉर्जिया वेयरहैम।

#### ऑस्ट्रेलिया के भारत दौरे का शेड्यूल

» एकमात्र टेस्ट मैच, वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई, 21-24 दिसंबर
» पहला वनडे, वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई, 28 दिसंबर
» दूसरा वनडे, वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई, 30 दिसंबर
» तीसरा वनडे, वानखेड़े स्टेडियम, मुंबई, 2 जनवरी
» पहला टी20, डीवाई पाटिल स्टेडियम, मुंबई, 5 जनवरी
» दूसरा टी20, डीवाई पाटिल स्टेडियम, मुंबई, 7 जनवरी
» तीसरा टी20, डीवाई पाटिल स्टेडियम, मुंबई, 9 जनवरी

## जी एम चैम्पियन शतरंज प्रतियोगिता कल से

एजेंसी नर्मदापुरम



विगत 15 वर्षों से एस पी एम के कामगार कल्याण केंद्र मे प्रति वर्ष जी एम चैम्पियन ट्राफी शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है इस वर्ष भी यह प्रतियोगिता 10 दिसंबर से 11 दिसंबर तक आयोजित की गई है। जिला स्तरीय शतरंज प्रतियोगिता मे प्रत्येक वर्ष लगभग 100 खिलाडियों से ज्यादा भाग लेते है। इस प्रतियोगिता मे उम्र बंधन नहीं है और महिला खिलाड़ी भी भाग ले सकते है। प्रतियोगिता अन्तर्राष्टीय नियमों के आधार पर स्विस सिस्टम से लगभग 6 चक्रों मे आयोजित की जाएगी, इस बार नर्मदापुरम जिले के ही खिलाडियों को खेलने का अवसर दिया गया है।

#### ब्रजेश का राष्ट्रीय स्तर पर हुआ चयन

नर्मदापुरम के बेटे बृजेश भदौरिया का चयन नेशनल सेस्टोबॉल टीम में हुआ। नर्मदापुरम जिले के लिए यह गौरव का विषय है बृजेश मध्यप्रदेश सेस्टोबाल टीम से 15 से 17 दिसंबर के बीच अपना प्रदर्शन देश के भगत कॉलेज धुरी पंजाब में करेंगे। नर्मदापुरम के महिमा नगर के अतुल तिवारी, पंकज परसाई, दुष्यन्त परिहार, चंदू पटेल, संजय वर्मा ने इनके उज्जवल भविष्य की कामनाओं के साथ अनेकों शुभकामनाएं बधाई दी।

## खेल जगत

### झेलम स्टेडियम अब जाना जाएगा 'जनरल रावत स्टेडियम' के नाम से

जम्मू, । जम्मू-कश्मीर सरकार ने शुक्रवार को बारामूला में झेलम स्टेडियम जांबाजपोरा का नाम बदलकर दिवंगत पूर्व सीडीएस जनरल बिपिन रावत के नाम पर रखने की मंजूरी प्रदान की है। एक सरकारी आदेश के अनुसार, बारामूला के जांबाजपोरा स्थित झेलम स्टेडियम का नाम बदलकर जनरल बिपिन रावत स्टेडियम करने की मंजूरी प्रदान की जाती है। देश के पहले सीडीएस जनरल रावत, उनकी पत्नी मधुलिका रावत और 11 अन्य लोगों को लेकर जा रही हेलीकॉप्टर आठ दिसंबर, 2021 को तमिलनाडु के कुन्नूर में दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिससे उनकी मौत हो गई। कश्मीर में जनरल रावत का पिछला कार्यकाल बारामूला स्थित 19 इन्फैंट्री डिवीजन के जनरल ऑफिसर कमांडिंग का था।



इस कार्यकाल के दौरान ही जनरल रावत बारामूला शहर में कई लोगों के चहेते बन गए थे। उन्होंने 2012 में 19 इन्फैंट्री डिवीजन की कमान संभाली थी। सरकारी आदेश में कहा गया कि युवा सेवा एवं खेल विभाग और बारामूला के उपायुक्त बदलाव के लिए अपने रिकॉर्ड में संशोधन सहित तत्काल आवश्यक कदम उठाएंगे।कश्मीर के संभागीय आयुक्त को सरकार ने यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि स्टेडियम के नामकरण के संबंध में उचित कार्यक्रम का आयोजन किया जाए।

### दक्षिण अफ्रीकी पेसर लुंगी एनगिडी हुआ भारत के खिलाफ टी20 सीरीज से बाहर

दक्षिण अफ्रीका के तेज गेंदबाज लुंगी एनगिडी बाएं टखने में मोच के कारण भारत के खिलाफ तीन मैचों की टी20 श्रृंखला से शुक्रवार को बाहर हो गए। क्रिकेट दक्षिण अफ्रीका (सीएसए) के एक बयान में कहा गया है कि 27 वर्षीय खिलाड़ी को टीम से रिलीज कर दिया गया है। एनगिडी अपनी घरेलू टीम के पास लौटेंगे लेकिन दक्षिण अफ्रीका की मेडिकल टीम की निगरनी में रिहैबिलिटेशन (चोट से उबरने की प्रक्रिया) से गुजरेंगे। एनगिडी को बाएं हाथ के तेज गेंदबाज मार्को जानसन के साथ दक्षिण अफ्रीका के तेज आक्रमण का नेतृत्व करना था। टीम में उनकी जगह तेज गेंदबाज ब्यूरेन हेंड्रिक्स को शामिल किया गया है। तैंतीस साल के बाएं हाथ के तेज गेंदबाज हेंड्रिक्स ने राष्ट्रीय टीम के लिए अपना पिछला मैच 2021 में टी20 प्रारूप में ही खेला था। उन्होंने 19 टी20 अंतरराष्ट्रीय में 25 विकेट लिए हैं।




# महिला प्रीमियर लीग नीलामी: वृंदा को पछाड़ काशवी बनी सबसे महंगी अनकैप्ड खिलाड़ी

मुंबई । काशवी गौतम शनिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्लूपीएल) की नीलामी में गुजरात जाइंट्स से दो करोड़ रुपये की कमाई करके वृंदा दिनेश को पछाड़ कर डब्लूपीएल की सबसे महंगी अनकैप्ड खिलाड़ी बन गईं। काशवी का 'बेस प्राइस (आधार मूल्य) 10 लाख रुपये का था। गुजरात जायंट्स और यूपी वारियर्स दोनों ने उनके लिए बोली लगाई। लेकिन गुजरात की टीम डब्ल्यूपीएल के दूसरे चरण के लिए उनकी सेवायें लेने के लिए बोली जीतने में सफल रही। एक और 'अनकैप्ड (जिसने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट नहीं खेला हो) भारतीय क्रिकेटर कर्नाटक की 22 वर्षीय वृंदा दिनेश के लिए बड़ी बोली लगी जिन्हें यूपी वारियर्स ने 1.3 करोड़ रुपये में खरीदा।

काशवी ने महिला क्रिकेट में चंडीगढ़ के लिए अंडर-19 एक दिवसीय मैच में अरुणाचल प्रदेश के खिलाफ हैट्रिक अपने नाम की है। उन्होंने इस साल की महिला सीनियर टी20 ट्रॉफी में भी अपना दबदबा बनाए रखा और सात मैचों में 4.14 रन प्रति ओवर की इकॉनमी रेट से 12 विकेट हासिल किए। चंडीगढ़ स्टार ने टीम इंडिया के साथ हांगकांग एसीसी इमर्जिंग टूर्नामेंट में भी खुद को परखा। वृंदा और काशवी दोनों ही हाल में भारत ए के लिए इंग्लैंड ए के खिलाफ तीन मैचों की श्रृंखला में खेली थीं। नीलामी के शुरुआती चरण में आस्ट्रेलियाई क्रिकेटरों के लिए ऊंची बोलियां लगी जिसमें आल राउंडर अनाबेल सदरलैंड को दिल्ली कैपिटल्स ने दो करोड़ रुपये में खरीदा। इसके बाद गुजरात की टीम ने बल्लेबाज फोएबे लिचफील्ड को एक करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया।

दो अन्य फ्रेंचाइजियों के साथ कड़ी बोली के बाद वृंदा को यूपी वारियर्स ने 1.3 करोड़ रुपये की रिकॉर्ड बोली में खरीदा। वृंदा के लिये रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और गुजरात जायंट्स ने बोली युद्ध शुरू किया लेकिन, बोली की कीमत 80 लाख रुपये से अधिक होने के बाद यूपी वारियर्स मैदान में कूद पड़े। आरसीबी ने खुद को बोली से अलग कर लिया, जिससे यूपी वारियर्स के लिए 22 साल की वृंदा को 1.3 करोड़ रुपये में खरीदने का रास्ता साफ हो गया।




पिछले दो वर्षों में वृंदा महिला क्रिकेट में महत्वपूर्ण छाप छोड़ रही हैं। संयोग से, तेज गेंदबाज एस यशाश्री के चोटिल होने के बाद उन्हें कॉल-अप मिला था।वृंदा अंडर23 एसीसी इमर्जिंग टीम्स कप के फाइनल में सुर्खियों में आयीं थीं जब उन्होने 29 गेंदों में 36 रनों की पारी खेली थी, जिससे इंडिया इमर्जिंग टीम को 127 रन का स्कोर बनाने में मदद मिली। मुस्कान मलिक की किट समय पर नहीं पहुंचने के कारण उन्हें यह मैच मिला था। इस साल की शुरुआत में, वृंदा ने अपने बल्लेबाजी कौशल का प्रदर्शन करते हुए सीनियर महिला एक दिवसीय प्रतियोगिता के फाइनल तक कर्नाटक को पहुंचाने में महती भूमिका अदा की थी। वह पूरे सत्र में कर्नाटक की ओर से 11 पारियों में 477 रन बनाकर तीसरी सबसे अधिक रन बनाने वाले खिलाड़ी बनी थीं। गुजरात जायंट्स ने इस साल मार्च में खेले गए शुरुआती चरण के बाद 22 साल की सरदलैंड को रिलीज कर दिया था। उनके लिए गत चैम्पियन मुंबई इंडियंस ने भी बोली लगायी लेकिन फिर वह पीछे हट गये और अंत में दिल्ली कैपिटल्स ने उन्हें खरीद लिया।

दक्षिण अफ्रीका की तेज गेंदबाज शबनीम इस्माइल को मुंबई इंडियंस ने 1.20 करोड़ रुपये में टीम में शामिल किया जो उनके 'बेस प्राइस से तीन गुना था। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर ने नीलामी के शुरु में आस्ट्रेलिया की जॉर्जिया वारेहैम को 40 लाख रूपये में खरीदा। उन्होंने इंग्लैंड की केट क्रास को 30 लाख रुपये और 37 साल की भारतीय स्पिनर एकता बिष्ट को 'बेस प्राइस से दुगनी कीमत पर 60 लाख रुपये में टीम में शामिल किया।

## विराट कोहली-नवीन उल हक विवाद पर गौतम गंभीर ने फिर निकाली भड़ास, कहा- कोई भी आकर मेरे खिलाड़ियों पर...

नई दिल्ली । आईपीएल 2023 के दौरान विराट कोहली और नवीन उल हक के बीच हुए झगड़े ने खूब सुर्खियां बटोरी थी। रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर और लखनऊ सुपर जाएंट्स के बीच खेले गए एक मुकाबले के दौरान यह दोनों खिलाड़ी आपस में भिड़ गए थे। मैच के बाद भी दोनों खिलाड़ियों के बीच गहमागहमी रही, जिस वजह से इसमें एलएसजी के मेंटोर गौतम गंभीर भी कूद पड़े थे। गंभीर ने हाल ही में दिए एक इंटरव्यू में इस विवाद पर खुलकर बात की है। पूर्व भारतीय क्रिकेटर का कहना है कि कोई भी आकर उनके खिलाड़ियों पर हावी नहीं हो सकता। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि मैच के दौरान जो हुआ उसमें उन्होंने हस्तक्षेप नहीं किया, मगर मैच खत्म होने के बाद उन्हें अपने खिलाडियों का बचाव करने का पूरा अधिकार है।



एक पोडकास्ट में गौतम गंभीर ने कहा एक मेंटोर के रूप में, कोई भी आकर मेरे खिलाड़ियों पर हावी नहीं हो सकता। मेरा धारणा काफी अलग है। जब तक मैच चल रहा था, मुझे हस्तक्षेप करने का कोई अधिकार नहीं था। एक बार मैच खत्म होने के बाद, अगर कोई मेरे खिलाड़ियों के साथ तीखी बहस करता है तो मुझे उसका बचाव करने का पूरा अधिकार है। दिलचस्प बात यह है कि यह पहली बार नहीं था जब गंभीर और कोहली की ऐसी तीखी बहस हुई थी। गंभीर अपने खेल के दिनों में, आईपीएल 2013 के दौरान आरसीबी के इस स्टार खिलाड़ी से पहले भी भिड़ चुके हैं।

वहीं हाल ही में क्रिकेट फील्ड पर उनकी भिड़ंत पूर्व तेज गेंदबाज एस श्रीसंत से भी हुई। लीजेंड्स लीग क्रिकेट के दौरान दोनों खिलाड़ी आपस में भिड़ गए और दोनों के बीच जमकर बहस हुई। बाद में श्रीसंत ने सोशल मीडिया पर खुलासा कर बताया कि गंभीर ने मैच के दौरान उन्हें फिक्सर कहा था।

### गुजरात लुटाए सबसे ज्यादा पैसे

## एक खिलाड़ी के लिए खर्च किए 2 करोड़ रुपये

नई दिल्ली । वुमेंस प्रीमियर लीग ऑक्शन 2024 में गुजरात जायंट्स ने जमकर पैसे लुटाए। नीलामी में गुजरात जायंट्स के पास 5.95 करोड़ रुपये की सबसे ज्यादा राशि मौजूद थी। गुजरात को अपनी टीम को तैयार करने के लिए 10 नए खिलाडियों को चुनना था और टीम ने नीलामी के दौरान नौ खिलाडियों को खरीदा। मिनी ऑक्शन में गुजरात ने काशवी गौतम को खरीदने के लिए 2 करोड़ रुपये खर्च किए। काशवी का बेस प्राइस (आधार मूल्य) 10 लाख रुपये का था। लीग में नीलामी की शुरुआत में ही फोएबे लिचफील्ड को खरीदने के लिए बड़ी बोली लगाई। गुजरात जायंट्स ने इस साल मार्च में खेले गए शुरुआती चरण के बाद 22 साल की सरदलैंड को रिलीज कर दिया था। ऑलराउंडर एनाबेल सदरलैंड को दिल्ली कैपिटल्स ने दो करोड़ रुपये में खरीदा।

#### गुजरात जायंट्स ने इन खिलाद्धड़यों को खरीदा

फोएबे लिचफील्ड - 1 करोड़ रुपये
मेघना सिंह - 30 लाख रुपये
तृषा पूजिता - 10 लाख रुपये
काशवी गौतम - 2 करोड़ रुपये

# रवि प्रदोष व्रत से मनुष्य के जीवन में आती है खुशहाली

**रविवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष व्रत को रवि प्रदोष व्रत कहते हैं। जो मनुष्य रवि प्रदोष व्रत को करता है, उसके जीवन में खुशहाली आती है और वह निरोगी, सुखपूर्वक अपना पूर्ण जीवन व्यतीत करता है।**

रविवार के दिन पड़ने वाले प्रदोष व्रत को रवि प्रदोष व्रत कहते हैं। आइए जानते हैं यहां इसकी कथा के बारे में-



### व्रतकथा

रवि प्रदोष व्रतकथा के अनुसार एक गांव में अति दीन ब्राह्मण निवास करता था। उसकी साध्वी स्त्री प्रदोष व्रत किया करती थी। उसे एक ही पुत्ररत्न था। एक समय की बात है, वह पुत्र गंगा स्नान करने के लिए गया।

दुर्भाग्यवश मार्ग में चोरों ने उसे घेर लिया और वे कहने लगे कि हम तुम्हें मारेंगे नहीं, तुम अपने पिता के गुप्त धन के बारे में हमें बतला दो। बालक दीनभाव से कहने लगा कि बंधुओं! हम अत्यंत दु:खी दीन हैं। हमारे पास धन कहां है? तब चोरों ने कहा कि तेरे इस पोटली में क्या बंधा है?

बालक ने नि:संकोच कहा कि मेरी मां ने मेरे लिए रोटियां दी हैं। यह सुनकर चोरों ने अपने साथियों से कहा कि साथियों! यह बहुत ही दीन-दु:खी मनुष्य है अत: हम किसी और को लूटेंगे। इतना कहकर चोरों ने उस बालक को जाने दिया। बालक वहां से चलते हुए एक नगर में पहुंचा।

नगर के पास एक बरगद का पेड़ था। वह बालक उसी बरगद के वृक्ष की छाया में सो गया। उसी समय उस नगर के सिपाही चोरों को खोजते हुए उस बरगद के वृक्ष के पास पहुंचे और बालक को चोर समझकर बंदी बना राजा के पास ले गए। राजा ने उसे कारावास में बंद करने का आदेश दिया। ब्राह्मणी का लड़का जब घर नहीं लौटा, तब उसे अपने पुत्र की बड़ी चिंता हुई।

अगले दिन प्रदोष व्रत था। ब्राह्मणी ने प्रदोष व्रत किया और भगवान शंकर से मन-ही-मन अपने पुत्र की कुशलता की प्रार्थना करने लगी। भगवान शंकर ने उस ब्राह्मणी की प्रार्थना स्वीकार कर ली। उसी रात भगवान शंकर ने उस राजा को स्वप्न में आदेश दिया कि वह बालक चोर नहीं है, उसे प्रात:काल छोड़ दें अन्यथा उसका सारा राज्य-वैभव नष्ट हो जाएगा। प्रात:काल राजा ने शिव जी की आज्ञानुसार उस बालक को कारावास से मुक्त कर दिया।

बालक ने अपनी सारी कहानी राजा को सुनाई। सारा वृत्तांत सुनकर राजा ने अपने सिपाहियों को उस बालक के घर भेजा और उसके माता-पिता को राजदरबार में बुलाया। उसके माता-पिता बहुत ही भयभीत थे। राजा ने उन्हें भयभीत देखकर कहा कि आप भयभीत न हो। आपका बालक निर्दोष है। राजा ने ब्राह्मण को पांच गांव दान में दिए जिससे कि वे सुखपूर्वक अपना जीवन व्यतीत कर सकें।

भगवान शिव की कृपा से ब्राह्मण परिवार आनंद से रहने लगा। अत: जो मनुष्य रवि प्रदोष व्रत को करता है, उसके जीवन में खुशहाली आती है और वह निरोगी, सुखपूर्वक अपना पूर्ण जीवन व्यतीत करता है।

# क्यों मनाई जाती है गीता जयंती

## क्या है श्रीमद् भागवत गीता ?

**गीता जयंती मनाई जाएगी। गीता जयंती के उत्सव का प्रारंभ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की एकादशी से मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तक चलता है। पाक्षिक समारोह में गीता भवनों में गीता पर आधारित प्रवचन चलते हैं। इस साल 23 दिसंबर शनिवार 2023 के दिन गीता जयंती की 5160वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी।**



23 दिसंबर शनिवार 2023 के दिन गीता जयंती मनाई जाएगी। गीता जयंती के उत्सव का प्रारंभ मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष की एकादशी से मार्गशीर्ष माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी तक चलता है। पाक्षिक समारोह में गीता भवनों में गीता पर आधारित प्रवचन चलते हैं। इस साल 2023 को गीता जयंती की 5160वीं वर्षगांठ मनाई जाएगी।

### श्री कृष्ण ने अर्जुन को दिया था गीता का ज्ञान

- जिस दिन श्री कृष्ण ने अर्जुन को गीता का ज्ञान दिया था उस दिन मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष की एकादशी थी। इसीलिए इस दिन को गीता जयंती के रूप में मनाया जाने लगा।
- इस दिन उपवास करने से मन पवित्र तथा शरीर स्वस्थ होता है, पापों से छुटकारा मिलता है तथा जीवन में सुख-शांति आती है एवं मोक्ष मिलता है।
- कौरव और पांडवों के बीच कुरुक्षेत्र में हुए युद्ध के प्रथम दिन इस ज्ञान को श्रीकृष्ण ने दोनों सेनाओं के बीच रथ पर खड़े होकर यह ज्ञान दिया था।
- इस ज्ञान की शुरुआत तब हुई जब अर्जुन ने दोनों ओर की सोनाओं में अपना ही बंधु बांधवों को देखकर युद्ध करने से इनकार कर दिया था।
- इस दिन कुरुक्षेत्र में महाभारत का युद्ध लड़ा गया था और तब लाखों लोग मृत्यु को प्राप्त हो गए थे।
- आर्यभट्ट के अनुसार महाभारत युद्ध 3137 ईपू में हुआ।

### महाभारत के शांति पर्व का एक भाग गीता

- गीता महाभारत के शांति पर्व का एक भाग है।
- वेदों का सार उपनिषद और उपनिषदों का सार गीता है। इसीलिये इसे गीतोपनिषद् भी कहते हैं।
- गीता सभी हिन्दू ग्रंथों का निचोड़ और सारतत्व है इसीलिए यह सर्वमान्य हिन्दू धर्मग्रंथ है।
- गीता के ज्ञान में धर्म के सभी मार्गों को बताया गया है जिस पर चलकर मनुष्य मोक्ष पा सकता है।
- कहते हैं कि भगवान श्रीकृष्ण ने अर्जुन को कुरुक्षेत्र में गीता का उपदेश लगभग 45 मिनट तक दिया था।
- कुरुक्षेत्र में ज्योतिसर नामक एक स्थान है जहां पर श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश दिया था।
- भगवद्गीता के प्रथम श्लोक में कुरुक्षेत्र को धर्मक्षेत्र कहा गया है।
- गीता को अर्जुन के अलावा संजय ने सुना और उन्होंने धृतराष्ट्र को सुनाया।
- इस ज्ञान का अर्जुन के रथ पर विराजमान हनुमानजी सहित आकाश में स्थिति सभी देवों ने सुना।
- यह भी कहा जाता है कि गीता का ज्ञान वहां से गुजर रहे एक पक्षी ने भी सुना था।
- गीता में श्रीकृष्ण ने 574, अर्जुन ने 85, संजय ने 40 और धृतराष्ट्र ने 1 श्लोक कहा है। गीता के कुल 700 श्लोक 18 अध्याय में विभक्त हैं। श्रीमद्भागवत गीता में 18 अध्याय और 700 श्लोक हैं।
- 18 अध्याय में अध्याय विषाद योग में 46, सांख्य योग में 72, कर्म योग में 43, ज्ञान कर्म संन्यास योग में 42, कर्म संन्यास योग में 29, ध्यान योग अथवा आत्मसंयम योग में 47, ज्ञान विज्ञान योग में 30, अक्षर ब्रम्हयोग में 28, राजविद्या राजगुह्य योग में 34, विभूति विस्तार योग में 42, विश्वरूप दर्शन योग में 55, भक्ति योग में 20, क्षेत्र क्षेत्रजन विभाग योग में 35, गुणत्रय विभाग योग में 27, पुरुषोत्तम योग में 20, दैवासुर सम्पद विभाग योग में 24, श्रध्दात्रय विभाग योग में 28, मोक्ष संन्यास योग में 78 श्लोक है।

## नहाने से पहले पानी में मिला दें 2 चीजें

## शुक्र दोष दूर होगा, धन बरसेगा

धन, ऐश्वर्य, कला, संगीत और सुख सुविधाओं को प्रदान करने वाला ग्रह शुक्र यदि कुंडली में नीच का होकर बैठा है या शत्रु ग्रहों के संयोग से मंदा हो रहा है तो यह कई तरह के रोग उत्पन्न कर सकता है। यह गुर्दे, अंतड़ियां, त्वचा, पांव के रोग के साथ ही कामेच्छा को समाप्त कर देता है। यह नसें कमजोर कर देता है। विवाह होने में या जीवन में यह रुकावटें पैदा करता है।

शुक्र को शुभ करने के वैसे तो कई उपाय है परंतु नहाने के पानी में मात्र दो चीजें मिलाकर आप स्नान करेंगे तो शुक्र का प्रभाव कुछ हद तक हो जाएगा। इसके लिए आप एक तो थोड़ी सी फिटकरी मिला दें और चार बूंद किसी सुगंधित इत्र की डाल दें। इसी पानी से प्रतिदिन स्नान करने से कुछ ही समय में शुक्र का दोष दूर हो जाएगा।

### शुक्र को शुभ बनाने के तरीके :

- लक्ष्मी की उपासना करें। शुक्रवार का व्रत रखें। खटाई न खाएं।
- स्त्री का सम्मान करें, पत्नी को खुश रखें। पराई स्त्री से संबंध न रखें।
- गृह कलह छोड़कर परिवार के सदस्यों के साथ प्यार से रहें।
- घर को वास्तु अनुसार ठीक रखें।
- सफेद वस्त्र दान करें।
- भोजन का कुछ हिस्सा गाय, कौवे और कुत्ते को दें।
- दो मोती लेकर एक पानी में बहा दें और एक जिंदगीभर अपने पास रखें।
- स्वयं को और घर को साफ-सुथरा रखें और हमेशा साफ कपड़े पहनें। नित्य नहाएं। शरीर को जरा भी गंदा न रखें।
- सुगंधित इत्र या सेंट का उपयोग करें। पवित्र बने रहें।
- रात में फिटकरी का कुल्ला करें।

# रविवार के दिन करें एकमात्र उपाय, सूर्य दोष होगा दूर



यदि आपकी कुंडली में सूर्य कमजोर है, सूर्य ग्रहण है, शनि के साथ है, तुला राशि में है, छठे, आठवें या 12वें भाव में होकर बुरा फल दे रहा है तो हमारे बताए रविवार के उपाय करें। रविवार भगवान विष्णु और सूर्यदेव का दिन होता है। हिन्दू धर्म में इसे सर्वश्रेष्ठ वार माना गया है। आओ जानते हैं कि रविवार के दिन कौन कौन से उपय कर सकते हैं लेकिन एकमात्र उपाय भी आजमाएं।

सूर्य दोष से मुक्ति का एकमात्र उपाय:- धन, यश, सेहत और तेजस्विता पाने के लिए 30 रविवार तक व्रत रखें। आप चाहें तो एक समय व्रत रखकर उत्तम भोजन या पकवान बनाकर खास सकते हैं जिससे शरीर को भरपुर ऊर्जा मिलती है लेकिन उपर से नमक नहीं खाना चाहिए। इस दिन चावल में दूध और गुड़ मिलाकर खाते हैं जिससे सूर्य के बुरे प्रभाव दूर होते हैं।

### रविवार के अन्य उपाय

- इस दिन भृकुटी पर लाल चंदन या हरि चंदन लगाएं।
- सूर्यदोष हो तो गेहूं और गुड़ को लाल कपड़े में बांधकर दान करें।
- सुख-शांति के लिए मिट्टी का लाल रंग का बंदर, जिसके हाथ खुले हो, घर में सूर्य तरफ पीठ करके रखें।
- रविवार को गायत्री मंत्र का कम से कम 108 बार जाप करना चाहिए। गायत्री का देवता सविता है। सविता अर्थात सूर्य।
- रविवार को सूर्यदेव को अर्घ्य देना चाहिए। इससे रोग मिटते हैं और आंखों की ज्योति बढ़ती है।
- इस दिन पूर्व, उत्तर और अग्निकोण में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन पश्चिम और वायव्य दिशा में यात्रा न करें।
- यह दिन गृहप्रवेश की दृष्टि से भी उचित है। कोई भी नया काम शुरू करने से पहले गुड़ या मिठाई खाएं और पानी पिएं।

# साल 2024 में पांच राशियों पर रहेगी मां लक्ष्मी की कृपा

## जीवन में धन की होगी बरसात, आर्थिक संकट होगा दूर

**मां लक्ष्मी को धन की देवी कहा जाता है। जिस व्यक्ति पर मां लक्ष्मी की कृपा हो जाए, उसका जीवन सुखमय हो जाता है। ग्रहों की चाल की वजह से धन- लाभ या हानि होती है। साल 2024 में ग्रहों की चाल कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ रहने वाली है।**

नए साल 2024 की शुरुआत कुछ दिनों बाद होने जा रही है। ज्योतिष गणनाओं के अनुसार साल 2024 में कुछ राशि वालों पर मां लक्ष्मी की विशेष कृपा रहेगी। मां लक्ष्मी को धन की देवी कहा जाता है। जिस व्यक्ति पर मां लक्ष्मी की कृपा हो जाए, उसका जीवन सुखमय हो जाता है। ग्रहों की चाल की वजह से धन- लाभ या हानि होती है। साल 2024 में ग्रहों की चाल कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ रहने वाली है।

**मेष राशि:** नया वर्ष आपके लिए लाभकारी साबित होगा। इस दौरान आपके मान-सम्मान में वृद्धि होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा। पार्टनर के साथ संबंध मधुर होंगे। नए साल में समस्याओं का समाधान मिलेगा। सेहत संबंधी समस्या कम होगी और करियर में तरक्की मिलने के योग बनेंगे।

**मिथुन राशि:** आपके लिए नया साल अनुकूल रहने वाला है। इस दौरान आप भूमि या वाहन खरीद सकते हैं। जमीन में निवेश से अच्छा फायदा मिल सकता है। धार्मिक



कार्यों का हिस्सा बनेंगे। पार्टनर की सलाह से धन लाभ हो सकता है। वैवाहिक जीवन सुखद रहेगा।

**कन्या राशि:** नया साल आपके लिए खुशियां लेकर आएगा। इस दौरान भाई-बहन के साथ संबंध मजबूत होंगे। मुश्किलों का सामना अच्छे से करेंगे। धन संबंधी समस्याओं से मुक्ति मिलेगी। परिवार के साथ समय अच्छा गुजरेगा। प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे लोगों को शुभ समाचार मिल सकता है।

**सिंह राशि:** सिंह राशि वालों के लिए नया साल लाभकारी रहेगा। कार्यक्षेत्र में ऊंचाइयों को प्राप्त करेंगे। आमदनी में इजाफा होगा। सुख-सुविधाओं में बढ़ोतरी होगी और यात्रा पर जाने का प्लान बन सकता है। आर्थिक समस्याओं से छुटकारा मिलेगा।

**धनु राशि:** नया साल आपके लिए लाभकारी साबित होगा। इस दौरान गुप्त शत्रुओं से मुक्ति मिलेगी। कार्यक्षेत्र में सफलता पाने के लिए कड़ी मेहनत करनी पड़ सकती है, लेकिन सफलता हासिल होगी। पार्टनर के साथ समय अच्छा बीतेगा। धन- लाभ होगा। परिवार के सदस्यों का सहयोग प्राप्त होगा।

# वास्तु शास्त्र: राहु और केतु की दिशा मानी जाती है घर की दक्षिण पश्चिम दिशा

**जैसे घर में पूर्व का स्थान सूर्य का होता है दक्षिण का स्थान मंगल और यम का होता है उसी तरह घर में राहु और केतु के स्थान भी होते हैं। यदि इन स्थानों पर कोई दोष है तो इसका असर जीवन पर नकारात्मक पड़ता है।**

यदि आप घर में राहु और केतु के स्थान को जानकर उन्हें वास्तु के अनुसार ठीक कर लेते हैं तो भविष्य में होने वाली घटना और दुर्घटना से बच सकते हैं। जैसे घर में पूर्व का स्थान सूर्य का होता है दक्षिण का स्थान मंगल और यम का होता है उसी तरह घर में राहु और केतु के स्थान भी होते हैं। यदि इन स्थानों पर कोई दोष है तो इसका असर जीवन पर नकारात्मक पड़ता है।

### दक्षिण पश्चिम दिशा

घर की दक्षिण पश्चिम दिशा राहु और केतु की दिशा मानी गई है। वास्तु के अनुसार यहां पर शौचालय होना चाहिए या इन स्थान पर मुखिया का कमरा होना चाहिए। नहीं तो यहां पर भारी सामान रखना चाहिए।

### राहु का स्थान

घर में कोई अंधेरे वाला कमरा, शौचालय और सीढ़ियां राहु का स्थान होता है। यदि शौचालय गंदा है, सीढ़िया टूटी फूटी है या यह दोनों ही गलत दिशा में बने हैं तो राहु का आपके जीवन पर बुरा असर होगा। यह घर के मुखिया के लिए सही नहीं है। दुर्घटना होने की संभावना है।

### केतु का स्थान

घर में खिड़कियां, दरवाजे, कोने और छत केतु का स्थान हैं। इनमें किसी भी प्रकार का वास्तु दोष से तो घर की संतानों पर इसका बुरा असर पड़ता है। अचानक से कोई घटना घटती है। जातक जीवनभर धोखे खाता रहता है।

### राहु का मकान

जिनका घर राहु का घर है वह अंदर से बहुत ही भयानक अहसास वाला होता है। कई दिनों से खाली पड़ा




डरावना-सा मकान भी राहु के असर वाला घर हो सकता है। आपने देखा होगा किस किसी के घर में घुसते ही अजीब सा महसूस होता है। हवा वहां की स्थित लेकिन अजीब अहसार पैदा करने वाली होती है। अक्सर हवेलीनुमा घरों में ऐसा होता है।

इस तरह के घरों में या तो आत्मा का निवास होता है या फिर यहां रहने वाले लोग ही खुद भूत की तरह रहते हैं, जिनकी जिंदगी एक रहस्य बनकर रह जाती है। यदि राहु का बुरा असर है तो यहां आने जाने वाले लोग कम होंगे और घर का कोई सदस्य आत्महत्या कर सकता है या किसी की हत्या हो सकती है। लेकिन राहु का अच्छा असर है तो ऐसे घर खानदानी और रईस साबित होते हैं।

वैसे आमतौर पर भारत के दक्षिण इलाके के अलावा अन्य घरों के आसपास नारियल के पेड़ नहीं होते, तो केक्टस को भी राहु का कारक माना जाता है। यदि आपके अपने घर में या घर के आसपास केक्टस लगा रखा है तो अपके घर पर राहु का असर होगा। हालांकि राहु के असर वाले और भी पौधे होते हैं। नारियल में राहु का अच्छा असर होता है लेकिन केक्टर में बुरा।

### केतु का मकान

केतु का मकान अच्छा भी हो सकता है और बुरा भी। केतु के मकान की निशानी है कि यह मकान कोने का होगा। तीन तरफ मकान एक तरफ खुला या तीन तरफ खुला हुआ और एक तरफ कोई साथी मकान या खुद उस मकान में तीन तरफ खुला होगा। यदि केतु के मकान है तो केतु के मकान में नर संतानें लड़के चाहे पोते हों, लेकिन कुल तीन ही होंगे। इस मकान में बच्चों से संबंधित, खिड़कियां, दरवाजे, बुरी हवा, अचानक धोखा होने का खतरा रहता है। हो सकता है कि मकान के आसपास इमली का वृक्ष, तिल के









# किसी ने गोल्डन साड़ी, तो किसी ने बदन पर लपेटे सितारे, हसीनाओं ने लूटी महफिल



बीती शाम मायानगरी में कई इवेंट्स और अवार्ड फंक्शन्स हुए। जहां एक्ट्रेसेस ने अपने ग्लैम अवतार से चार-चांद लगा दिए। कोई हसीना सुनहरी साड़ी लपेटे नजर आई तो किसी ने सितोरों की तरह चमचमाती ड्रेस से लाइमलाइट बटोरी।

- एक्ट्रेस करिश्मा तन्ना बीती शाम एक इवेंट का हिस्सा बनी थीं। जहां एक्ट्रेस फूलों के प्रिंटे वाला आउटफिट पहन पहुंची थीं। करिश्मा तन्ना ने अपने स्टाइल और मुस्कान के साथ कैमरा के लिए खूब पोज भी दिए।
- सनी लियोनी ने भी बीती शाम अपनी खूबसूरती का दीदार कराने का कोई मौका नहीं छोड़ा। चमचमाती सितारों से सजी इस ड्रेस में सनी लियोनी किसी अप्सरा से कम नहीं नजर आईं। एक्ट्रेस ने बिना किसी तामझाम के अपने लुक को शिमरी मेकअप के साथ पूरा किया था।
- मलाइका अरोड़ा का यह लुक सोशल मीडिया पर खूब तारीफें बटोर रहा है। मलाइका अरोड़ा ने ऑल व्हाइट स्कर्ट-कोट के साथ गले में बड़ा-सा नेकलेस कैरी किया है।
- अनुपमा सीरियल फेम रुपाली गांगुली बीती शाम एक अवार्ड फंक्शन में पहुंची थीं। जहां एक्ट्रेस रेड ब्लाउज के साथ सुनहरी साड़ी कैरी किए नजर आईं। रुपाली ने अपने गॉजियस लुक के साथ-साथ बहुत ही प्यारी स्माइल कैरी की हुई थी।
- एक्ट्रेस गौहर खान भी बीती शाम अवार्ड फंक्शन में अपने ग्लैमर का तड़का लगाती नजर आई थीं। ग्रीन कलर के आउटफिट के साथ गौहर ने ब्राइट मेकअप कैरी किया था।
- रकुल प्रीत सिंह ने ऑल ब्लैक लुक में जमकर अपने सिजलिंग लुक को फ्लॉन्ट किया है। रकुल प्रीत सिंह के इस आउटफिट को लेकर सोशल मीडिया पर जमकर कमेंटबाजी हो रही है।
- शिल्पा शेट्टी की बहन और एक्ट्रेस शमिता शेट्टी भी बीती रात एक इवेंट में पहुंची थीं। जहां एक्ट्रेस ने सिल्वर और ब्लैक कलर की एक सिजलिंग ड्रेस कैरी की थी। एक्ट्रेस ने अपने शॉर्ट हेयर्स को कर्ल करके बीच से पार्टिशन देकर ओपन छोड़ा था
- ये रिश्ता क्या कहलाता है फेम हिना खान भी अवार्ड फंक्शन में अप्सरा बनकर पहुंची थीं। हिना ने ऑफ व्हाइट कलर की फंट से खूब सारे कट वाली ड्रेस कैरी की थी।
- उर्फी जावेद भी बीती शाम एक इवेंट के लिए पहुंची थीं। जहां एक्ट्रेस अपने मोस्ट अतरंगी लुक में नजर आईं। उर्फी ने अलग-अलग तरह के सांप और पौधों की शेप काटकर अपनी ड्रेस का टॉप बनाया था।





# द आर्चीज नहीं है सुहाना की पहली मूवी, द ग्रे पार्ट ऑफ ब्लू फिल्म में कर चुकी हैं काम

जोया अख्तर की फिल्म द आर्चीज कल यानी 7 दिसंबर को रिलीज होने होने जा रही है। इस फिल्म का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस फिल्म से शाहरुख खान और गौरी खान की बेटी सुहाना खान बॉलीवुड में कदम रख रही हैं और फिल्म के ट्रेलर में उनके अभिनय की छोटी सी झलक ने पहले ही उनसे उम्मीदें बढ़ा दी हैं। लेकिन क्या आप जानते हैं कि द आर्चीज पहली फिल्म नहीं है, जिसमें सुहाना ने अभिनय किया है? जब सुहाना कॉलेज में थीं, तब उन्होंने द ग्रे पार्ट ऑफ ब्लू नाम की 10 मिनट की शॉर्ट फिल्म में अभिनय किया था।

द ग्रे पार्ट ऑफ ब्लू टाइटल वाली शॉर्ट फिल्म में सुहाना खान ने एक्टिंग की थी। इस फिल्म में सुहाना खान के साथ रॉबिन गोनेला हैं और इसे थियोडोर गिमेनो द्वारा निर्देशित किया गया है। यह फिल्म यूट्यूब पर उपलब्ध है। यह एक युवा जोड़े के इर्द-गिर्द घूमती है, जो अपने रिश्ते के मुद्दों से निपटने के लिए एक रोड ट्रिप पर निकलते हैं।

इस फिल्म में सुहाना खान ने सैंडी नाम की एक युवा लड़की की भूमिका निभाई है, जो अपने साथी को उसके माता-पिता से मिलवाने के लिए घर लाने के लिए उत्सुक है। हालांकि, उसे जल्द ही एहसास हो जाता है कि उसका साथी उनके रिश्ते में उतना गहरा नहीं है। यह शॉर्ट फिल्म 2019 में यूट्यूब पर रिलीज हुई थी।

सुहाना खान जोया अख्तर की द आर्चीज में वेरोनिका लॉज की भूमिका निभाती नजर आएंगी। अन्य कलाकारों में अगस्त्य नंदा, खुशी कपूर, डॉट, मिहिर आहूजा, वेदांग रैना और युवराज मेंडा भी शामिल हैं। द आर्चीज 7 दिसंबर, 2023 को नेटफ्लिक्स पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह तैयार है। रिलीज से पहले फिल्म के प्रीमियर में कलाकारों के परिवार समेत बॉलीवुड की तमाम बड़ी हस्तियां शामिल हुईं।




## सीन की हो रही चर्चा

शाहरुख खान की लाडली सुहाना खान के डेब्यू का इंतजार काफी समय से हो ही रहा था और अब फाइनली उनकी पहली फिल्म द आर्चीज रिलीज हो गई है। ग्रैंड प्रीमियर के बाद फिल्म को ओटीटी पर स्ट्रीम कर दिया गया है। जिस पर मिले जुले रिव्यू मिल रहे हैं लेकिन यादातर पॉजीटिव ही हैं। स्टार किड्स से सजी ये फिल्म लोगों को एंटरटेनिंग लगी है। लेकिन अब रिलीज होते ही सुहाना के एक सीन की चर्चा सबसे यादा हो रही है।

जी हां। फिल्म में किसिंग सीन भी है वो भी सुहाना खान और अगस्त्य नंदा के बीच। जिसकी एक छोटी सी क्लिप वायरल भी हो गई है और काफी चर्चा में भी है। फिल्म के एक सीन में सुहाना और अगस्त्य किस करते दिखते हैं। वहीं खबर है कि खुशी कपूर ने भी किसिंग सीन फिल्म में दिए हैं। खास बात ये है कि सुहाना, अगस्त्य, खुशी तीनों की ही ये पहली फिल्म है लेकिन वो ऐसे सीन्स देने में जरा भी नही झिझके। उनका कॉन्फिडेंस कमाल का है।

फिल्म में सुहाना और अगस्त्य के बीच एक लव एंगल दिखाया गया है लेकिन खुशी कपूर जो अगस्त्य के बचपन की दोस्त का रोल निभा रही हैं वो भी फिल्म में चुपके चुपके अगस्त्य को पसंद करती हैं। ऐसे में तीनो दोस्तों के बीच एक लव ट्राएंगल क्रिएट किया गया है। यूथ और टीनेज के लिए फिल्म बेस्ट है जिसे नेटफ्लिक्स पर अब देखा जा सकता है।

ओटीटी पर छाने के बाद अब सुहाना खान की नजरें बड़े पर्दे पर छाने की है। खबर है कि वो एक्शन मूवी के साथ अपना डेब्यू करेंगी जिसमें शाहरुख खान भी होंगे। ऐसे में अभी से इस फिल्म की चर्चा खूब हो रही है। जिसकी शूटिंग अगले महीने यानि जनवरी से शुरू होने वाली है। डंकी की रिलीज के बाद शाहरुख-सुहाना इस फिल्म में जुट जाएंगे।

## जोया अख्तर ने किया कमाल

सुहाना खान, अगस्त्य नंदा और खुशी कपूर के डेब्यू के चर्चे लंबे वक्त से हो रहे हैं। तीनों बॉलीवुड के बड़े स्टार्स के बच्चे हैं। शाहरुख खान की बेटी सुहाना, अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य और श्रीदेवी की बेटी खुशी कपूर को उनके पेरेंट्स और परिवार के नाम से जाना गया है। लेकिन अब फिल्म द आर्चीज के साथ ये तीनों यंग सितारे फिल्मी दुनिया में कदम रख चुके हैं। फिल्म द आर्चीज का ऐलान जब जोया अख्तर ने किया था तो उन्होंने वादा किया था कि 60 के दशक में शुरू हुई इस कॉमिक को अपनी फिल्म में भी वो उसी अंदाज में दिखाएंगी, जिस अंदाज में हम सभी ने आर्ची एंड्रूज की कहानी को आजतक पढ़ा है। आर्चीबाल्ड एंड्रूज उर्फ आर्ची एक आम लड़का रहा है, जो अपने दोस्तों के साथ नए नए एडवेंचर करता है। उसकी बचपन की दोस्त है बेट्टी कूपर और उसकी मोहब्बत है वेरोनिका लॉज। इस कहानी में रेजी, जगहेड, डिली और एथल जैसे किरदार भी शामिल रहे हैं। बस इन्हीं सबको जोया नेटफ्लिक्स की अपनी फिल्म द आर्चीज में एक बार फिर साथ लेकर आई हैं। फिल्म की कहानी एकदम सिंपल है, और इस सिंपल कहानी में जोया ने अपने बढ़िया डायरेक्शन और यंग एक्टर्स ने अपने चुलबुले अंदाज से रंग भरे हैं।

## याद है कांटा लगा गर्ल!

# सालों बाद टीवी शो से करने जा रही हैं वापसी



आयकॉनिक सॉन्ग कांटा लगा तो हर किसी को याद ही होगा। लेकिन क्या आप जानते हैं कांटा लगा फेम गर्ल शेफाली जरीवाला सालों के बाद टेलीविजन पर अपना जलवा दिखाने आ रही हैं। जी हां जल्द ही शेफाली जरीवाला टीवी डेब्यू करने वाली हैं। ऐसा हम नहीं बल्कि शेफाली ने खुद एक इंटरव्यू के दौरान बताया है। शेफाली ने अपने इंटरव्यू में बताया कि उन्हें पहले टीवी की स्टोरीलाइन और स्क्रिप्ट्स समझ नहीं आती थीं, इसी वजह से वह सोचती थीं कि टीवी नहीं करेंगी। कांटा लगा फेम शेफाली जरीवाला ने हाल ही में एक इंटरव्यू दिया है, जहां उन्होंने अपने टीवी डेब्यू की जानकारी देते हुए कहा, उन्हें टीवी की स्टोरीलाइन और स्क्रिप्ट्स समझ नहीं आती थी, इसलिए सोचती थीं कि टीवी नहीं करेंगी। लेकिन फिर उन्हें यह (शैतानी रस्में) मिला और उन्होंने इसकी स्टोरी लाइन पढ़ी, जिससे वह आकर्षित हुईं और बिना टाइम वेस्ट किए इसके लिए हां कर दिया। शेफाली ने अपने इंटरव्यू में कहा- उन्हें यह भी लगता है कि वह बहुत अच्छी एक्टर नहीं, क्योंकि टीवी पर हर दिन अलग तरह से एक्टिंग करनी पड़ती है, जो स्क्रिप्ट की डिमांड होती है वैसे करना होता है। लेकिन इस सीरियल में परफॉर्म करने के लिए वह तैयार हैं। हालांकि टीवी से ज्यादा वह अपने लिए ओटीटी पर काम देख रही थीं। शेफाली ने साथ ही कहा, उन्हें पता है कि यह स्टोरी है, यह मिडिल पार्ट है और यह अंत है। एक्ट्रेस शेफाली जरीवाला स्टार भारत के नए टीवी शो शैतानी रस्में नाम के सीरियल में दिखाई देंगी। बता दें, शेफाली जरीवाला आखिरी बार बिग बॉस सीजन 13 में ऑनस्क्रीन दिखाई दी थीं। अब वह सालों के बाद टीवी से एक्टिंग करियर री-स्टार्ट कर रही हैं।

# पेट के कैंसर से पीड़ित थे एक्टर जूनियर महमूद

हिंदी सिनेमा जगत से एक बेहद ही दुखद खबर सामने आ रही है। कारवां, हाथी मेरे साथी और मेरा नाम जोकर जैसी फिल्मों में अपनी अदाकारी का दम दिखाने वाले दिग्गज एक्टर जूनियर महमूद 67 की उम्र में इस दुनिया को अलविदा कह गए हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद एक्टर बीती गुरुवार की रात जूनियर महमूद ने आखिरी सांस ली। रिपोर्ट के अनुसार, एक्टर जूनियर महमूद ने अपने घर पर अंतिम सांस ली. एक्टर के निधन की खबर की पुष्टि उनके करीबी दोस्त सलीम काजी ने की है। जूनियर महमूद के यूं अचानक दुनिया से चले जाने से पूरी फिल्म इंडस्ट्री सदमे में है. मालूम हो एक्टर की हेल्थ की खबर कुछ ही दिनों पहले सामने आई थी, जब उनसे मिलने जॉनी लीवर पहुंचे थे. जॉनी लिवर के बाद एक्टर मास्टर राजू और जीतेंद्र भी जूनियर महमूद से मिलने के लिए गए थे। 70-80 के दशक में अपनी अदाकारी का जादू दिखाने वाले जूनियर महमूद ने एक लंबा समय फिल्म इंडस्ट्री में बिताया है. जूनियर महमूद ने देवानंद और राजेश खन्ना से लेकर संजय दत्त समेत कई एक्टर्स के साथ काम किया है।

# जीवन में सदैव सकारात्मक रहे, चुनौतियों को स्वीकारें : जगदीश मित्रा

## एमिटी में 2228 छात्रों को मिली उपाधियां






**नोएडा ( चेतना मंच )।** एमिटी विश्वविद्यालय में चल रहे दीक्षांत समारोह कार्यक्रम में द्वितीय दिन इंजिनियरिंग, कानून, हॉस्पीटैलिटी, पर्यटन आदि के लगभग 2228 छात्रों को एमिटी परिसर के विभिन्न सभागारों में एमिटी विश्वविद्यालय की वाइस चांसलर डा बलविंदर शुक्ला, औद्योगिक अतिथियों और विभिन्न संस्थानों के निदेशकों द्वारा उपाधियां प्रदान की गई। इस अवसर पर एमिटी स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के दीक्षांत समारोह में टेक महिंद्रा के अध्यक्ष जगदीश मित्रा भी उपस्थित थे।

इस द्वितीय दिन दीक्षांत समारोह में एमिटी स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के 805, एमिटी लॉ स्कूल के 632, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ इर्न्फोमेशन टेक्नोलॉजी के 287, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ एडवांस लीगल स्टडीज के 184, एमिटी स्कूल ऑफ हॉस्पीटैलिटी के 61, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ ट्रैवेल एंड टूरिस्म के 26, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ रिहेबिलिटेशन सांइसेस के 90, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ बिहेवियर हैल्थ एंड एलाइड साइंसेस के 19, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ डिफेंस टेक्नोलॉजी के 26, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ एरोस्पेस इंजिनियरिंग के 19, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ न्यूक्लियर सांइस एंड टेक्नोलॉजी के 02, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ स्पेस सांइस एंड टेक्नोलॉजी के 01, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ टेक्नोलॉजी के 07, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ एनवांयरमेंटल सांइसेस के 29, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ फॉरेस्ट्री एंड वाइल्डलाइफ के 12, एमिटी इंस्टीटयूट ऑफ जियोइर्न्फोमेटिक्स एंड रिमोट सेसिंग के 27 और एमिटी स्कूल ऑफ नैचुरल रिसोर्स एंड संस्टेनेबल डेवलपमेंट के 01 छात्र को डिग्री प्रदान की गई।

टेक महिन्द्रा के अध्यक्ष जगदीश मित्रा ने छात्रो कों सबोधित करते हुए कहा कि यह एक ऐसा समय है जब आप जीवन के अगले चरण में प्रवेश कर रहे है। आज से लगभग 30 वर्ष पूर्व जब मैने उपाधि प्राप्त की थी तो कभी नही सोचा था कि एक दिन छात्रों को उनके दीक्षांत समारोह में उपाधि प्रदान करूंगा। जीवन में सदैव सकारात्मक रहे, हर व्यक्ति की चुनौतियां, पेरशानिया और दुख अलग अलग होते है जिसका कोई भी अंदाजा नही लगा सकता। इस विश्व में हर चीज आपके नियंत्रण में नही है। अपनी चुनौतियों और समस्याओं से किस प्रकार निपटना है इस कार्य को आपसे बेहतर ढंग से कोई नही कर सकता है। उन्होनें छात्रों को सलाह देते हुए जीवन में लक्ष्यों को हासिल करने के लिए निरंतर प्रयास करने पर जोर दिया।

एमिटी स्कूल ऑफ इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के निदेशक डा मनोज पांडेय ने अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्थान में छात्रों द्वारा हासिल की गई उपलब्धियों की जानकारी प्रदान की।

इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के इंजिनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी के डिप्टी डीन डा के एम सोनी सहित कई शिक्षकगण उपस्थित थे।

# ब्रह्मानंद पब्लिक स्कूल की टीम ने जीते कई पदक

**नोएडा ( चेतना मंच )।** स्टेयर फाउंडेशन उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित प्रादेशिक स्तर खेल प्रतियोगिता में सेक्टर 20 स्थित ब्रह्मानंद पब्लिक स्कूल ने वॉलीबॉल प्रतियोगिता में विभिन्न वर्गों में कई मेडल जीते हैं। इस जीत पर ब्रह्मानंद पब्लिक स्कूल के बच्चों का हौंसला बुलंदी पर है।




खेल प्रतियोगिता में स्कूल ने 17 वर्ष एवं 12 वर्ष आयुवर्ग में गोल्ड जीता। वहीं 19 वर्ष आयुवर्ग में सिल्वर और 14 वर्ष आयुवर्ग में तृतीय स्थान प्राप्त किया।

विद्यालय की निदेशिका सुश्री अपराजिता ने बताया कि उनके विद्यालय के बच्चे पढ़ाई के साथ खेलों में भी हमेशा आगे रहते हैं। प्रधानाचार्या सुश्री ऋतु अग्रवाल ने बच्चों को शुभकामनाएं दी।

विद्यालय के खेल शिक्षक और कोच अनुज त्रिपाठी ने बताया कि तीन दिवसीय इस टूर्नामेंट में महामाया स्पोर्ट्स स्टेडियम गाजियाबाद में हुआ जिसमें प्रदेश के कई जिलों की टीमों ने प्रतिभाग किया था जिसमें वॉलीबाल में हमारे बच्चों ने सभी आयुवर्ग में स्थान प्राप्त किये।

# ग्रेनो की बिल्डर सोसाइटी पर 1.04 लाख रूपये का जुर्माना

ग्रेटर नोएडा। कूड़े का उचित प्रबंध न करने और गंदगी फैलाने पर ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण ने बिल्डर समिति पर 1.04 लाख रुपये का जुर्माना लगाया है। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण की ओएसडी इंदु प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जनस्वास्थ्य विभाग की टीम के औचक निरीक्षण के दौरान खामी मिलने पर यह कार्रवाई की गई है।

ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के सीईओ एनजी रवि कुमार के निर्देश पर शहर को और अधिक स्वच्छ बनाने के लिए जनस्वास्थ्य विभाग की तरफ से अभियान शुरू किया गया है। शनिवार को विशेष कार्याधिकारी (स्वास्थ्य) इंदु प्रकाश सिंह के नेतृत्व में जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रेटर नोएडा वेस्ट के कई सेक्टरों पार्कों, ग्रीन बेल्ट, अनाधिकृत डंपिंग साइट व हाईराइज सोसाइटी में स्वास्थ्य संबंधी कार्यों का निरीक्षण किया। ओएसडी ने टेकजोन-4 के पार्क से डस्टबिन की सफाई कराने, फुटपाथ को ठीक कराने समेत कई निर्देश दिए गए। उन्होंने सेक्टर 16बी स्थित ग्रीन बेल्ट के समतलीकरण का कार्य व पौधों को पानी देने का कार्य समय से करने के लिए निर्देशित किया। ओएसडी व जनस्वास्थ्य विभाग की टीम ने सेक्टर 16 में रेलवे लाइन के निकट अनधिकृत रूप से बने डंपिंग साइट को देखा गया। यहां पर अनाधिकृत वेंडर द्वारा हाईराइज सोसाइटी से कूड़ा निकाल कर डाला जा रहा है। इसके मद्देनजर ओएसडी ने जन स्वास्थ्य विभाग को हाईराइज सोसाइटियों का औचक निरीक्षण करने के निर्देश दिए। इसके बाद ओएसडी व जनस्वास्थ्य विभाग की टीम अजनारा ली गार्डन सोसाइटी पहुंची। सोसाइटी के सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट स्थल को देखा ?। यहां गंदगी मिलने और कंपोस्ट बनाने वाली मशीन भी खराब मिली। यहां पर सॉलिड वेस्ट को सही तरीके से निस्तारित नहीं किया जा रहा है, जिसके चलते विशेष कार्याधिकारी ने 1,04,800 रुपए की पेनाल्टी लगाते हुए चेतावनी पत्र जारी करने का निर्देश दिए।

# सचिन पायलट की जीत पर नोएडा के कांग्रेसियों ने दी बधाई

**नोएडा ( चेतना मंच )।** राजस्थान विधानसभा चुनाव 2023 में कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सचिन पायलट ने टोंक विधानसभा सीट से जीत दर्ज की है। उनकी इस जीत पर यूपी के नोएडा शहर के कांग्रेसियों में भी खुशी की लहर है। कांग्रेसियों ने नई दिल्ली स्थित उनके आवास पर जाकर उन्हें टोंक विधानसभा सीट पर जीत के लिए अपनी शुभकामनाएं और बधाई दी।

नई दिल्ली स्थित सचिन पायलट के आवास पर पहुंचकर नोएडा कांग्रेसियों ने उन्हें दूसरी बार जनपद टांक विधानसभा क्षेत्र से विधायक निर्वाचित होने पर हार्दिक बधाई दी। इस दौरान पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय चौधरी, नगर पालिका दादरी के पूर्व प्रत्याशी अशोक पंडित, फैजान मलिक तथा मनोज बालियान भी मौजूद थे।



आपको बता दें कि राजस्थान के पूर्व उप मुख्यमंत्री और पूर्व केंद्रीय मंत्री रहे सचिन पायलट का उत्तर प्रदेश से गहरा नाता हैं सचिन पायलट का जन्म यूपी के ग्रेटर नोएडा (गौतमबुद्धनगर जनपद) के वेदपुरा गांव में हुआ था। वेदपुरा उनका पैतृक गांव है। वेदपुरा गांव में ही कांग्रेस के वरिष्ठ नेता रहे स्व. राजेश पायलट की समाधि है। राजेश पायलट की समाधि पर हर वर्ष उनकी जयंती व पुण्यतिथि पर सचिन पायलट परिजनों के साथ नोएडा के वेदपुरा गांव में आते हैं और अपने पिता को श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं। वेदपुरा में राजेश पायलट चेरिटैबिल हॉस्पिटल भी है।

# कलम के सिपाहियों ने बल्ले से दिखाया जादू

**नोएडा ( चेतना मंच )।** नोएडा मीडिया क्लब द्वारा एनसीआर स्पोर्ट्स ग्राउंड में नोएडा मीडिया कप 2023 का शुभारंभ हो गया है। इसका उद्घाटन मेजर ध्यानचंद खेल रत्न अवार्ड, अर्जुन अवार्ड, द्रोणाचार्य अवार्ड और ध्यान चंद लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड की चयन समिति के सदस्य अभिषेक त्रिपाठी ने किया।

उद्घाटन मैच में नोएडा मीडिया क्लब की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए सात विकेट के नुकसान पर 163 रन बनाए जिसमें विकास ने 68 और इंदर ने 32 रनो की पारी खेली। एनईए की तरफ से अनस और कुमार अनुराग ने दो दो विकेट लिए। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एन ई ए की टीम 17.3 ओवर में 155 रन ही बना सकी।




नोएडा मीडिया क्लब की तरफ से विजय द्विवेदी ने 3 और विकास ने 2 विकेट लिए। मदरलैंड अस्पताल के चेयरमैन डॉ बबित कुमार ने विकास को मैन आफ द मैच और वीरू को फाइटर ऑफ़ का मैच से सम्मानित किया। वहीं दूसरा मैच टीवी 9 डिजिटल और ज़ी अनफिट 11 के बीच खेला गया। जिसमें जी अनफिट 11 ने नौवें ओवर में 8 विकेट से मैच जीत लिया।

युवा क्रांति सेना के अध्यक्ष अविनाश सिंह, राजेश अंबावत और सतीश गुप्ता ने 53 रनो की पारी खेलने वाले लखन को मैन ऑफ द मैच और सुशांत चतुर्वेदी को फाइटर ऑफ़ द मैच से सम्मानित किया।

# आईएमएस-डीआईए में दीक्षांत समारोह

**नोएडा ( चेतना मंच )।** आईएमएस डिजाइन एण्ड इनोवेशन एकेडमी (आईएमएस-




डीआईए) में दीक्षांत समारोह का आयोजन किया गया। सेक्टर-62 स्थित संस्थान परिसर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान बतौर मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता वर्ल्ड डिजाइन ऑर्गेनाइजेशन के प्रेसिडेंट प्रद्युमन व्यास ने अपने विचार प्रकट किए। वहीं कार्यक्रम के दौरान आईएमएस-डीआईए के प्रेसिडेंट राजीव कुमार गुप्ता, सीएमडी शिल्पी गुप्ता, संस्थान की निदेशिका डॉ. अनुराधा मोदक देबनाथ के साथ संस्थान के स्टाफ, फैकल्टी एवं छात्र भी मौजूद रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत करते हुए राजीव कुमार गुप्ता ने छात्रों को उनके सुन्दर, सुखद, सफल एवं समृद्ध जीवन की बधाई दी। उन्होंने कहा कि छात्रों के जीवन में संस्थान फाउंडिंग स्टोन की तरह है। आप सभी नियमित अध्ययन के दौरान अर्जित थ्योरी एवं प्रायोगिक ज्ञान, समय प्रबंधन एवं निरंतर प्रयास से सफलता की बुलंदी छू सकते हैं। कार्यक्रम के दौरान प्रद्युमन व्यास ने कहा कि डिजाइन प्रतिभा को बढ़ावा देने के लिए आईएमएस-डीआईए की प्रतिबद्धता सराहनीय है। छात्रों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि सीखने के लिए एक अच्छे माहौल का होना जरूरी है, आप कहीं भी, कभी भी, कुछ भी सीख सकते हैं।

कार्यक्रम के दौरान संस्थान की निदेशिका डॉ. अनुराधा मोदक देबनाथ, एआईएमए के निदेशक गणेश सिंह, गिन्नी फिलामेंट के ज्वाइंट प्रेसिडेंट एवं यूनिट हेड राजीव पांडे, अहूजासंस के रिटेल हेड आंचल मेहरा, ओ-टेसेरे स्टूडियो की को फाउंडर तूलिका शर्मा, इंडियन कारीगर की संस्थापक विश्वादीप्ति अब्रोल, स्पैरो इंटीरियर डिजाइन की फाउंडर नेत्रा राजेश, वराहे एनालिस्टिक्स की राजनीतिक सलाहकार मुब्याना कोइराला के साथ इंडस्ट्री एक्सपर्ट मौजूद रहे। दीक्षांत समारोह में 105 छात्रों को डिप्लोमा प्रदान किया गया।

